DELHI CRIME 21 sep 2022:Layout 1 9/20/2022 7:06 PM Page 1

निष्पक्ष, निर्भीक, स्वतंत्र विचार व अपराध निरोधक मुख्य हिन्दी राष्ट्रीय समाचार पत्र

दिल्ली क्राईम व भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा

DELHI CRIME WA BHRASHTACHAR VIRODHI MORCHA

Website- Delhicrimepress.in
Email-info@delhicrimepress.in

RNI No. DELHIN/2005/15378 | DCP Lic. No. F-2(D-9)PRESS/2005 | वर्ष-01 | बुधवार 21 सितंबर 2022 | पीडीएफ अंक-154 | पृष्ठ-8 | मूल्य-निःशुल्क

मौसम

अधिकतम –32 सूर्योदय – 6 : 08
न्यूनतम – 26 सूर्यास्त – 6 : 19

सोना चांदी

सोना – 50990.00 प्रति 10 ग्र चांदी – 56700.00 किलो

अर्थसार

सैंसेक्स –59719.74 निफ्टी – 17816.25
रु/यूएस डॉलर – 79.76 रु/यूरो – 79.51

न्यूज फ्लैश

लॉजिस्टिक लागत को घटाकर 10 प्रतिशत करने की जरूरत: गडकरी

नई दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने हितधारकों के बीच सहयोग, समन्वय और संचार के साथ रसद (लॉजिस्टिक) लागत को 14 - 16 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत करने पर जोर दिया है। केंद्रीय मंत्री ने मंगलवार को यहां अखिल भारतीय प्रबंधन संघ (एआईएमए) के 49वें राष्ट्रीय प्रबंधन सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि रसद लागत को कम करने से एक बड़ी बचत होगी और जिससे निर्यात में 50 प्रतिशत की वृद्धि हासिल की जा सकती है जो हमारी अर्थव्यवस्था के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। प्रदूषण के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि हम 16 लाख करोड़ जीवाश्म ईंधन का आयात कर रहे हैं जो बहुत अधिक प्रदूषण पैदा कर रहा है। उन्होंने कहा कि यात्रा के समय को कम करने के लिए 27 ग्रीन एक्सप्रेस हाईवे बनाने का निर्णय लिया गया है और दिसंबर के अंत तक नए हाईवे होंगे, जिनमें दिल्ली से चंडीगढ़ की यात्रा का समय ढाई घंटे, दिल्ली से अमृतसर 4 घंटे, दिल्ली से कटरा 6 घंटे, दिल्ली से श्रीनगर 8 घंटे और दिल्ली से मुंबई 12 घंटे, दिल्ली से जयपुर दो घंटे और चेन्नई से बैंगलोर भी दो घंटे होगा। मंत्री ने कहा कि भारत को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण को प्राप्त करने के लिए प्रौद्योगिकी, नवाचार और अनुसंधान बहुत महत्वपूर्ण हैं। गडकरी ने कहा कि केंद्र और राज्यों को एक टीम के रूप में मिलकर काम करने के साथ सार्वजनिक परिवहन को प्रोत्साहित करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भारत में युवा और प्रतिभाशाली इंजीनियरिंग जनशक्ति, कुशल कार्यबल और कम श्रम लागत के साथ एक बड़ा घरेलू बाजार है। उन्होंने ऊर्जा और बिजली क्षेत्र में कृषि के विविधीकरण और जैव इथेनॉल, एलएनजी और जैव सीएनजी जैसे वैकल्पिक ईंधन के उपयोग पर जोर दिया। मंत्री ने कहा कि नैतिकता, अर्थव्यवस्था, पारिस्थितिकी और पर्यावरण समाज के तीन सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ हैं।

भाजपा बौखला गई है क्योंकि गुजरात में अपनी हार की आहट सुन ली है- दिलीप पांडे

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और विधायक दिलीप पांडे ने कहा कि भारतीय जानता पार्टी ने आज फिर अपनी बौखलाहट का परिचय दिया। क्योंकि गुजरात में भाजपा अपनी हार की आहट सुन रही है। भाजपा पार्टी किसी काम की नहीं है। सारी एजेंसियां और सारी ताकत भाजपा के पास है। सीबीआई, ईडी, इनकम टैक्स, पुलिस भाजपा के पास है। इसके बावजूद रोजाना प्रेस वार्ता बुलाकर वक्त बर्बाद करते हैं और केवल नौटंकी करते हैं। सभी एजेंसियां तुम्हारे पास होते हुए भी गिरफ्तार क्यों नहीं करते हो? अगर कुछ गड़बड़ है तो गिरफ्तार किया जाना चाहिए। गिरफ्तार क्यों नहीं कर रहे हो? फोटो का प्रिंटआउट लेकर कहते हैं कि यहां फोटो मिली तो यह गुनहगार हैं। कोई फोटो लेकर आ जाओगे और फिर कहोगे कि इससे सब कुछ साफ हो जाएगा। यहां तक की ये लोग गिरफ़्तार तक नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सारी ताकत होने के बावजूद ये लोग जेल नहीं भेज पा रहे हैं। हमारे गांव में इसे गाल बजाना कहते हैं। जब आपके हिसाब से सारे सबूत हैं तो जेल भेज दो। लेकिन जेल नहीं भेजेंगे बल्कि मीडिया में उनकी फोटो दिखायेंगे। हम भी मोदी जी के साथ दूसरे लोगों की फोटो दिखाते हैं। विधायक दिलीप पांडे ने कहा आखिर जेल न भेजने का कारण क्या है? इसका कारण सिर्फ.एक है कि सारे आरोप बेबुनियाद और मनगढ़ंत हैं। इनके आरोपों और दावों में थोड़ी सी भी सच्चाई होती तो ये गिरफ्तार करते, न कि मीडिया में फोटो दिखाकर नौटंकी करते। उन्होंने कहा वह भाजपा के नेताओं से कहना चाहता हूं कि दुनिया की सारी ताकत तुम्हारे पास है। सीबीआई भी तुम्हारे पास है। अगर तुम्हारे दावों में थोड़ा भी सच हैं और कुछ गड़बड़ हुई है तो नौटंकी करना बंद करो और गिरफ़्तार करके जेल भेजो। वरना देश और दिल्ली के लोग मान चुके है तुम्हारे आरोप झूठे है।

चाइल्ड पोर्नोग्राफी मामले में ट्विटर पॉलिसी हेड एवं दिल्ली पुलिस को समन जारी

नई दिल्ली। दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) ने चाइल्ड पोर्नोग्राफी एवं महिलाओं और बच्चों से सम्बन्धित रेप वीडियोज को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर पर अपलोड और साझा किए जाने के गम्भीर मामले में भारत में ट्विटर पॉलिसी हेड एवं दिल्ली पुलिस को समन जारी किया है। डीसीडब्ल्यू ने ऐसे कई ट्विटर अकांण्ट पर स्वतः संज्ञान लिया है जो कि बच्चों एवं महिलाओं से सम्बन्धित यौन कृत्यों को खुले रुप से प्रसारित कर रहा है। ड-ीसीडब्ल्यू ने साझा किया कि अधिकांश ट्वीट्स में बच्चों को पूरी तरह से नग्नावस्था में दिखाया गया है और उनमें से कई में तो बच्चों और महिलाओं के साथ क्रूरतापूर्वक बलात्कार और गैर-सहमति वाली यौन गतिविधियों को भी दशार्या गया है। साथ ही बेहद चौंकाने वाली बात यह हैं कि इनमें से कुछ वीडियोज में बच्चों और महिलाओं के साथ सोते समय में बलात्कार को दिखाया गया है। इन आपराधिक कृत्यों में लिप्त कुछ ट्विटर अकाउंट एक रैकेट चलाते हुए भी प्रतीत हो रहे हैं, जिसमें वे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के अन्य उपयोगकताओं से बच्चों के अश्लील और बलात्कार करते हुए वीडियोज उपलब्ध कराने के लिए पैसों की मांग करते है। ड-ीसीडब्ल्यू ने ऐसे ट्वीट्स की लिस्ट को दिल्ली पुलिस एवं ट्विटर के साथ भी साझा भी की है।

भारत बुनियादी ढांचा क्षेत्र में अभूतपूर्व निवेश कर रहा है : प्रधानमंत्री

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि भारत बुनियादी ढांचा क्षेत्र में अभूतपूर्व निवेश कर रहा है। 2014 तक हमारे देश में मेट्रो रेल नेटवर्क 250 किलोमीटर से भी कम था। आज देश में मेट्रो रेल नेटवर्क 775 किलोमीटर से अधिक है। प्रधानमंत्री मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गुजरात के गांधीनगर में देशभर के भाजपा के महापौरों के राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आजादी के अमृत काल में अगले 25 वर्ष के लिए भारत के शहरी विकास का एक रोड मैप बनाने में इस सम्मेलन की बड़ी भूमिका है। उन्होंने कहा कि सामान्य नागरिक का संबंध अगर सरकार नाम की किसी व्यवस्था से आता है तो पंचायत से आता है, नगर पंचायत से आता है, नगरपालिका से आता है, महानगर पालिका से आता है। इसलिए इस प्रकार के विचार-विमर्श का महत्व बढ़ जाता है। मोदी ने कहा कि चुनाव केंद्रित सोच से शहर का भला नहीं कर सकते। नगरों के नियोजन का विकेन्द्रीकरण होना चाहिए-यह राज्य स्तर पर भी किया

जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि चुने हुए जनप्रतिनिधियों की सोच, सिर्फ चुनाव को ध्यान में रखते हुए सीमित नहीं होनी चाहिए। चुनाव केंद्रित सोच से हम शहर का भला नहीं कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि देश भाजपा पर भरोसा करता है। जमीनी स्तर से काम करना सभी मेयरों की जिम्मेदारी है। बेहतर सुविधाएं दी जाएं और विकास सुनियोजित हो। उन्होंने कहा कि हमारे देश के नागरिकों ने बहुत लंबे अरसे से शहरों के विकास को लेकर भाजपा पर विश्वास रखा है। उसे निरंतर बनाए रखना, उसे बढ़ाना हम सभी का दायित्व है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास। ये जो वैचारिक परिपाटी भाजपा ने अपनाई है, यही हमारा मॉडल दूसरों से अलग करता है। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने मेयर के रूप में अपनी यात्रा शुरू की। हम एक बेहतर भारत के लिए उनके बताए रास्ते पर चलेंगे और इसके विकास के लिए काम करेंगे। सभी महापौरों को सबका साथ, सबका विकास और सबका प्रयास का पालन करना चाहिए। भाजपा के मेयर के रूप में, शहरों के मुखिया के रूप में रियल स्टेट सेक्टर को बेहतर और पारदर्शी बनाने का आपका दायित्व ज्यादा है। नियमों का पालन करना, उसे सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। मोदी ने कहा कि शहरों में आग की चपेट में आ रही पुरानी इमारतों और इमारतों का गिरना एक बड़ी चिंता का विषय है। यदि नियमों का पालन किया जाए तो इससे बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि, शहरों में रोजी-रोटी के लिए लोग अस्थायी रूप में आते हैं उनको उचित किराए पर घर मिले, इसके लिए बड़े स्तर पर काम चल रहा है। प्रधानमंत्री ने सभी महापौर से अपने-अपने शहरों में इस अभियान को गति देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि कार्यों को तेजी से पूरे कराएं और क्वालिटी में कभी कंप्रोमाइज न होने दें। मोदी ने कहा कि टियर 2 और टियर 3 शहर अब आर्थिक गतिविधियों का केंद्र बन रहे हैं। हमें उन क्षेत्रों में उद्योग समूहों को विकसित करने पर ध्यान देना चाहिए। छोटे विक्रेताओं को डिजिटल भुगतान प्रणाली का उपयोग करने के लिए प्रशिक्षण प्राप्त करना चाहिए। इसे सुनिश्चित करने के लिए महापौरों को पहल करनी चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि ऐप आधारित कैब अब लोकप्रिय हो गई हैं। लेकिन गुजरात में इसकी शुरूआत बहुत पहले हो गई थी। कई साल पहले इनोवेटिव रिक्शा सर्विस, जी ऑटो की शुरूआत हुई थी। इनोवेशन हमारे ऑटो चालकों ने खुद किया था।

पीएमजीकेएवाई योजना की तारीख बढ़ाएगी सरकार

नई दिल्ली (ईएमएस)। सरकार गरीबों को मुफ्त राशन देने की प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) 30 सितंबर से आगे बढ़ाने पर विचार कर रही है। इसके तहत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम में शामिल लगभग 80 करोड़ लाभार्थियों को प्रति व्यक्ति प्रति माह 5 किलो खाद्यान्न मुफ्त दिया जा रहा है। राशन की दुकानों के माध्यम से उन्हें वितरित किए जाने वाले सब्सिडी वाले अनाज के अलावा मुफ्त राशन दिया जाता है। इससे गरीब परिवारों को कोविड-19 महामारी की वजह से लागू लॉकडाउन के दौरान काफी मदद मिली थी। इस योजना को कई बार बढ़ाया जा चुका है और अब यह 30 सितंबर तक वैध है।

राजघाट पर उपवास करने जा रहे थे यति नरसिंहानंद, पुलिस ने हिरासत में लिया

गाजियाबाद (ईएमएस)। राष्ट्रपति महात्मा गांधी के लिए कई बार अपशब्दों का प्रयोग कर चुके यति नरसिंहानंद मंगलवार को दिल्ली स्थित राजघाट जाकर उपवास करना चाहते थे। हालांकि, कौशाम्बी पुलिस ने उन्हें रास्ते में ही रोक कर हिरासत में ले लिया। कौशांबी थाना पुलिस ने गांधी समाधि पर दिल्ली जाते हुए यति नरसिंहानंद गिरी को बार्डर पर ही रोक लिया। हिरासत में लेने के बाद पुलिस नरसिंहानंद को कौशांबी थाने लेकर आई। समाचार लिखे जाने तक वह पुलिस की निगरानी में ही हैं। थाने पहुंचे उनके समर्थकों ने आरोप लगाया कि पुलिस हिंदू समाज की आवाज उठाने वाले को ही पुलिस ने पकड़ लिया है। डासना देवी मंदिर के यति नरसिंहानंद गिरी का कहना है कि वह पूरे देश मे हो रहे हिन्दुओं पर सुनियोजित अत्याचार के विरोध में और लोगो को लगातार मिल रही सर कलम करने की धमकियों के विरोध में गांधी समाधि पर एक दिवसीय उपवास



करने दिल्ली जा रहे थे। पुलिस ने उन्हें बार्डर पर ही रोक लिया और कौशांबी थाने लेकर आ गई। इस संबंध में कौशांबी थाना प्रभारी प्रभात दीक्षित का कहना है कि एहतियातन नरसिंहानंद गिरी को रोका गया है। इस संबंध में खुफिया इनपुट मिले थे। उसी के आधार पर कार्रवाई की गई है।

नमो किसान पंचायत में बोले जेपी नड्डा, प्रधानमंत्री धरती पुत्रों के सबसे बड़े हितैषी

-भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने किया उद्घाटन, ई-बाइकों को दिखाई झंडी

गांधीनगर (गुजरात)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के किसानों के सबसे बड़े शुभचिंतक हैं। उनकी प्राथमिकता में धरती पुत्र हैं। उन्होंने किसानों को सीधी सहायता प्रदान की है। नड्डा ने यह विचार यहां प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा के तत्वावधान में आयोजित "नमो किसान पंचायत" का उद्घाटन करने के बाद व्यक्त किए। संबोधन के बाद नड्डा ने गुजरात की लगभग 143 विधानसभा सीटों के लगभग 14 हजार 200 गांवों के लिए ई-बाइकों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नमो

किसान पंचायत के तहत इन ई-बाइक के माध्यम से गांवों में केंद्र और राज्य सरकार की किसानोन्मुखी योजनाओं और कार्यों की जानकारी दी जाएगी। नड्डा ने कहा कि कृषि विभाग के बजट में छह गुना की वृद्धि की गई है। किसानों को अधिक से अधिक मूल्य दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना की शुरूआत कर 80 करोड़ लोगों को पांच किलो गेहूं, पांच किलो चावल और पांच किलो दाल देकर गरीबों का भला किया है। उन्होंने कहा कि एक सदी पहले जब आपदा आई थी, तब बीमारी से ज्यादा लोग भूख से मरे थे। कोरोना महामारी सदी की सबसे बड़ी त्रासदी थी। प्रधानमंत्री ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत 11 करोड़ से ज्यादा किसानों के खातों में सालाना 6 हजार रुपये भेजने का काम किया है। प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सपने को साकार करने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि नड्डा दो दिन के गुजरात दौरे पर आज पहुंचे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक किसान मोर्चा ने नमो किसान पंचायत करने का फैसला किया है।

संघ के वरिष्ठ स्वयंसेवक केशव दीक्षित का निधन

कोलकाता। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के वयोवृद्ध स्वयंसेवक और अपना पूरा जीवन संघ को समर्पित करने वाले वरिष्ठ प्रचारक केशव राव दीक्षित का निधन मंगलवार सुबह हो गया है। वह 98 साल के थे। कोलकाता के अपोलो अस्पताल में उन्होंने आखिरी सांस ली है। उनके निधन से संघ परिवार और अनुषांगिक संगठनों में शोक की लहर पसर गई है। उम्र जनित तमाम बीमारियों से ग्रसित केशव जी लंबे समय से अस्पताल में इलाजरत थे। सुबह 10:34 बजे उन्होंने आखिरी सांस ली है। अस्पताल से उनका शव केशव भवन स्थित संघ के प्रदेश मुख्यालय लाया गया जहां संघ और अन्य संगठनों से जुड़े लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी है। आज ही उनका अंतिम संस्कार नीमतला श्मशान घाट पर किया जाएगा। एक अगस्त 1925 को महाराष्ट्र

के वर्धा जिला अंतर्गत पुलगांव में जन्मे केशव जी ने अपना पूरा जीवन राष्ट्र और समाज को समर्पित कर दिया था। 1939 के दिसंबर महीने में उनका उपनयन संस्कार हुआ था। 1949 में उन्होंने जलगांव के एमजे कॉलेज से मराठी और संस्कृत में स्नातक की डिग्री ली थी। खास बात यह है कि वह बाल्यकाल स्वयंसेवक रहे हैं। सिर्फ छह साल की अल्पायु में ही उन्होंने संघ की शाखाओं में आना जाना शुरू कर दिया था। 1931 में शाखा में उनका प्रवेश हुआ था जिसके बाद 1939 में संघ शिक्षा प्रथम वर्ष से दीक्षित हुए थे। उसके बाद 1940 में द्वितीय वर्ष और 1941 में तृतीय वर्ष प्र-शिक्षित हुए थे। राष्ट्र निमित्त कार्यों के प्रति उनके समर्पण और तत्परता को देखते हुए 1950 में ही उन्हें प्रचारक बना दिया गया था। सबसे पहले वह कोलकाता के बड़ा बाजार शाखा में प्रचारक के तौर पर आए थे। उसके बाद पिछले 72 सालों से पश्चिम बंगाल में संघ के राष्ट्र निर्माण कार्यों को आगे बढ़ाते रहे हैं। मूल रूप से मराठी होने के बावजूद पश्चिम बंगाल में संघ के कार्यों के प्रचार-प्रसार के लिए वह बंगाल की सभ्यता और संस्कृति में रच बस गए थे। वह कोलकाता महानगर के प्रचारक के साथ ही प्रांत संपर्क प्रमुख, प्रांत प्रचारक, क्षेत्र बौद्धिक प्रमुख और क्षेत्र प्रचारक जैसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों को निभा चुके हैं। उनके निधन से पूरे संघ परिवार में शोक की लहर पसरी है।

भारत को आत्मनिर्भर बनाने में उद्योग जगत की अहम भूमिका : उपराष्ट्रपति

नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को व्यापार और उद्योग जगत के नेताओं से आह्वान किया कि वे भारत के आत्मनिर्भर बनने के मिशन में सक्रिय भूमिका निभाएं। भारतीय उद्योग की क्षमता और दक्षता के बारे में विश्वास व्यक्त करते हुए धनखड़ ने कहा कि भारत नए उद्यम, नए रोजगार, नए निर्यात और विकास संबंधी समस्याओं के नए समाधान बनाकर आर्थिक विकास को गति देने के लिए अपनी उद्यमशीलता की पीढ़ी पर भरोसा कर रहा है। नई दिल्ली में अखिल भारतीय प्रबंधन संघ (एआईएमए) के 49वें राष्ट्रीय प्रबंधन सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए, उपराष्ट्रपति ने जोर देकर कहा कि उद्योग की "कृषि क्षेत्र के गुणात्मक उत्थान को भी उत्प्रेरित

करने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी" है। उन्होंने कहा कि अगर भारतीय किसान आगे बढ़ता है तो भारत आगे बढ़ता है। भारत के उद्यमों और कार्यबल को विश्व स्तरीय बनाने के लिए सरकार द्वारा विभिन्न पहलों को रेखांकित करते हुए, उपराष्ट्रपति ने उद्योग को नवीनतम कौशल सेट के साथ कार्यबल को बढ़ावा देने और उन्नत करने की जिम्मेदारी लेने का आह्वान किया। भारत के स्टार्ट-अप क्षेत्र की दुनिया में सर्वश्रेष्ठ में से एक के रूप में सराहना करते हुए धनखड़ ने कहा कि कैसे "छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में भी डिजिटल उद्यमी दिखाई देने लगे हैं"। उन्होंने कहा कि भारत के समृद्ध मानव संसाधनों को विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त है और विश्व स्तर पर भारत के लाभ को अधिकतम करने के लिए उन्हें और अधिक उपयोग करने की आवश्यकता है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत दशक के अंत तक तीन सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनने की ओर अग्रसर है और पिछले कुछ वर्षों में सरकार द्वारा किए गए प्रणालीगत सुधारों की एक श्रृंखला ने व्यापार करने में आसानी में सुधार किया है। यह देखते हुए कि लोकतंत्र और अर्थव्यवस्था कैसे फलती-फूलती है जब एक शासन प्रणाली में प्रत्येक चरण में पारदर्शिता और जवाबदेही परिलक्षित होती है,

Vacancy

ब्यूरो चीफ
डिप्टी ब्यूरो चीफ
रिपोर्टर

दिल्ली क्राइम प्रेस के राष्ट्रीय अखबार से जुड़कर बने अपने जिले के समाचार और विज्ञापन प्रभारी।

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें +91 83750 00984

एडवांस जर्नलिज्म एंड रिपोर्टिंग टेक्निक कोर्स

रिपोर्टिंग में अपना भविष्य बनाने वाले लोगों के लिए सुनहरा मौका



जॉब प्लेसमेंट 100 परसेंट गारंटीड

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें +91 8375000984

DELHI CRIME 21 sep 2022:Layout 1 9/20/2022 7:06 PM Page 2

सम्पादकीय

रामराज्य की नींव जनक की बेटियां

रामचरित्र मानस से साभार! स्तुत्य, भगवान श्री राम को 14 वर्ष का वनवास हुआ तो उनकी पत्नी माँ सीता ने भी सहर्ष वनवास स्वीकार कर लिया। परन्तु बचपन से ही बड़े भाई की सेवा मे रहने वाले लक्ष्मण जी कैसे राम जी से दूर हो जाते। माता सुमित्रा से तो उन्होंने आज्ञा ले ली थी, वन जाने की लेकिन जब पत्नी उर्मिला के कक्ष की ओर बढ़ रहे थे तो सोच रहे थे कि माँ ने तो आज्ञा दे दी किन्तु उर्मिला को कैसे समझाऊंगा। क्या कहूंगा। यदि बिना बताए जाऊंगा तो रो रोके जान दे देगी और यदि बताया तो साथ जाने की जिद्द करने लगेगी। कहेगी कि यदि सीता जी अपने पति के साथ जा सकती हैं तो मैं क्यों नहीं। यहीं सोच विचार करके लक्ष्मण जी जैसे ही अपने कक्ष में पहुंचे तो देखा कि उर्मिला जी आरती का थाल लेके खड़ी थीं और बोलीं- आप मेरी चिंता छोड़ प्रभु की सेवा में वन को जाओ। मैं आपको नहीं रोखूंगी। मेरे कारण आपकी सेवा में कोई बाधा न आये, इसलिये साथ जाने की जिद्द भी नहीं करूंगी।

पत्नी का समपर्ण और प्रेम - लक्ष्मण जी को कहने में संकोच हो रहा था। परन्तु उनके कुछ कहने से पहले ही उर्मिला जी ने उन्हें संकोच से बाहर निकाल दिया। वास्तव में यहीं पत्नी का धर्म है। पति संकोच में पड़े, उससे पहले ही पत्नी उसके मन की बात जानकर उसे संकोच से बाहर कर दे। पत्नी का इतना त्याग, समपर्ण और प्रेम देखकर लक्ष्मण जी भी रो पड़े। उर्मिला जी ने एक दीपक जलाया और विनती की कि मेरी इस आस को कभी बुझने नहीं देना। लक्ष्मण जी तो चले गये परन्तु 14 वर्ष तक उर्मिला जी ने एक तपस्विनी की भांति कठोर तप किया। वन में भैया-भाभी की सेवा में लक्ष्मण जी कभी सोये नहीं परन्तु उर्मिला ने भी अपने महलों के द्वार कभी बंद नहीं किये और सारी रात जाग जागकर उस दीपक की लौ को बुझने नहीं दिया।

राम सेवा के लिये ही तो जन्मे - मेघनाथ से युद्ध करते हुए जब लक्ष्मण को शक्ति लग जाती है। हनुमान जी उनके लिये संजीवनी का पहाड़ ले के लौट रहे होते हैं, तो बीच में अयोध्या में भरत जी उन्हें राक्षस समझकर बाण मारते हैं और हनुमान जी गिर जाते हैं। तब हनुमान जी सारा वृत्तांत सुनाते हैं कि सीता जी को रावण ले गया, लक्ष्मण जी मूर्छित हैं। यह सुनते ही कौशल्या जी कहती हैं कि राम को कहना कि लक्ष्मण के बिना अयोध्या में पैर भी मत रखना। राम वन में ही रहे। माता सुमित्रा कहती हैं कि राम से कहना कि कोई बात नहीं। अभी शत्रुघन है। मैं उसे भेज दूंगी। मेरे दोनों पुत्र राम सेवा के लिये ही तो जन्मे हैं। माताओं का प्रेम देखकर हनुमान जी की आँखों से अश्रुधारा बह रही थी। परन्तु जब उन्होंने उर्मिला जी को देखा तो सोचने लगे कि यह क्यों एकदम शांत और प्रसन्न खड़ी हैं? क्या इन्हें अपनी पति के प्राणों की कोई चिंता नहीं?

सूर्य उदित हो ही नहीं सकता - हनुमान जी पूछते हैं देवी! आपकी प्रसन्नता का कारण क्या है? आपके पति के प्राण संकट में हैं। सूर्य उदित होते ही सूर्य कुल का दीपक बुझ जायेगा। उर्मिला जी का उत्तर सुनकर तीनों लोकों का कोई भी प्राणि उनकी वंदना किये बिना नहीं रह पाएगा। वे बोलीं मेरा दीपक संकट में नहीं है, वो बुझ ही नहीं सकता। रही सूर्योदय की बात तो आप चाहें तो कुछ दिन अयोध्या में विश्राम कर लीजिये, क्योंकि आपके वहां पहुंचे बिना सूर्य उदित हो ही नहीं सकता। आपने कहा कि प्रभु श्रीराम मेरे पति को अपनी गोद में लेकर बैठे हैं। जो योगेश्वर राम की गोदी में लेटा हो, काल उसे छू भी नहीं सकता। यह तो वो दोनों लीला कर रहे हैं। मेरे पति जब से वन गये हैं, तबसे सोये नहीं हैं। उन्होंने न सोने का प्रण लिया था। इसलिए वे थोड़ी देर विश्राम कर रहे हैं। और जब भगवान की गोद मिल गयी तो थोड़ा विश्राम ज्यादा हो गया। वे उठ जायेंगे।

चीतों की सौगात से पर्यटन में नये अध्याय का आगाज

लेखक-राकेश कुमार वर्मा /ईएमएस



नामीबिया से आयातित 8 चीतों को मध्यप्रदेश की श्योपुर के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में विमुक्त करने के साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व की पहली अंतर महाद्वीपीय चीता पुनर्वास परियोजना की शुरूआत की। 750 वर्ग किलोमीटर में फैले इस क्षेत्र में योजना के तहत विलुप्त हो चुके चीतों के संवर्धन का दायित्व देकर राज्य को नये प्रतिमान गढ़ने का अवसर दिया है। भौगोलिक और प्रजनन अनुकूलता के मद्देनजर भले ही प्रदेश को यह गौरव हासिल हुआ हो लेकिन, इस परियोजना के लिए मध्यप्रदेश कैडर के 1961 बैच के भारतीय प्रशासनिक अधिकारी एम के रंजीत सिंह की 50 वर्षों के प्रयासों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। वर्ष 1940 के दशक सें विलुप्तप्राय चीतों के संरक्षण के लिए सबसे पहले उन्होंने वर्ष 1972 में ईरानी चीते लाने के मिशन पर कार्य करने के साथ ही कूनो को सेक्चुरी बनाने की पहल की। 7 जुलाई 2009 में एक ध्यानाकर्षण सूचना पर तत्कालीन केन्द्रीय पर्यावरण और वन मंत्री जयराम रमेश ने राज्यसभा में कहा कि पिछले 100 वर्षों में देश से लुप्त चीते को विदेशों से लाकर इसकी संख्या बढ़ानी चाहिये। उल्लेखनीय है कि अनुवांशिक कारकों और चीता के प्रतिद्वंदी शेर, तेंदुए, लकड़बग्घे, जंगली कुत्तों और चील सहित शिकारियों के कारण चीता शावकों की मृत्युदर सर्वाधिक होती है। इन चुनौतियों के बीच उनका संवर्द्धन किया जाना जरूरी है। इस पर दिव्य भानुसिंह और एम के रणजीत सिंह नामक विशेषज्ञों ने अफ्रीका से चीतों के आयात का सुझाव दिया, जिससे वर्ष 2020 में अफ्रीकी चीतों को लाने का मार्ग प्रशस्त हुआ। विशेषज्ञों के अनुसार भारत में चीतों का पुनर्वास तब माना जायेगा जब यहां चीतों की संख्या 500 हो जायेगी। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए दक्षिण अफ्रीका और नामीबिया से प्रतिवर्ष 8 से 12 चीते लाये जायेंगे। इसे देखते हुए अंतर्राष्ट्रीय मानकों के आधार पर चीतों के संवर्द्धन पोशण की भूमिका बनाई गई है। चीतों की नस्ल विशाल मैदानी क्षेत्र, अर्द्ध मरुभूमि, घास के मैदान और शिकार की अधिकतम संभावनाओं वाले स्थानो में पनपती हैं। कूनो का चयन यहां पर्याप्त चीतल, नीलगाय, सांभर, सियार, ब्लेक बक, बंदर की उपलब्धता है जो चीते का आहार है। उसके अनुकूल औसत बारिश और गर्मी के साथ ही घासयुक्त मैदानी भाग उसे गति देने में सहायक हैं। शिवपुरी के जंगल और चंबल नदी की अनुकूलता के कारण यहॉ 27 चीतों के संरक्षण की क्षमता थी जिसे 120 वर्ग किलोमीटर के जंगल के अलावा 32 चीतों तक बढ़ाया जा सकता है। इस अभयारण्य के आसपास के बफर जोन के कुशल प्रबंधन के साथ कूनों में 70 से अधिक चीतों के संरक्षण की क्षमता है। बिल्ली की विडाल प्रजाति में शामिल चीता अपनी अद्भुत फुर्ती और सर्वाधिक गति 120 किमी/घंटा के लिए पहचाना जाता है। चीता शब्द की उत्पत्ति संस्कृत के चित्रकायः अर्थात बहुरंगी काया से हुई है जो हिन्दी में चीता के रूप मे प्रचलित है । जीनोमिक डाइवरसिटी की प्रयोगशाला के अनुसार चीता एशिया प्रवास से पूर्व अफ्रीका में विकसित हुआ। कई स्त्रोतों ने चीता के एशियाई चीता, उत्तर पश्चिमी अफ्रीकी चीता, एसिनोनिक्स जुबेटस राइनेल, एसिनोनिक्स जुबेटस जुबेटस, एसिनोनिक्स जुबेटस सोमेरिंगी तथा एसिनोनिक्स जुबेटस वेलोक्स जैसे छह प्रजातियों में सूचीबद्ध किया है, लेकिन अधिकांश प्रजातियों के वर्गीकरण अभी भी अस्पष्ट हैं चीता का वक्षस्थल सुदृढ़ और कमर पतली होती है। एक वयस्क चीते का भार 36 से 65 किलो, लंबाई 53 इंच व ऊँचाई 37 इंच तक होती है। इसका मेरुदण्ड इतना लचीला होता है कि तेज दौड़ते समय पिछले पैर इसके अगले पैर से आगे आ जाते हैं अर्थात ये बाघ, शेर तेंदुए और जगुआर के मुकाबले अधिक दूरी तक छलांग लगाने में सक्षम है।

इसकी तीव्रगति का कारण इसका वृहद नासाद्वार, हृदय और फेफड़े हैं जो अधिक से अधिक ऑक्सीकरण के लिए सहायक हैं। इसके आंख के कोने वाले भाग में बने काले ऑसू जैसी आकृति नाक के नीचे मुंह तक जाते हैं जो सूर्य के तीव्र प्रकाश में भी शिकार को दूर तक देखने में सक्षम है। जब यह तेजी से शिकार का पीछा करता है तो इसकी श्वास दर 60 से 150 प्रति मिनट हो जाती है जो उसके लिए घातक हो सकता है, इसलिए 460 मीटर की दूरी तय करने के बाद इसे विश्राम की आवश्यकता पड़ती है। चीते का भोजन उसके परिवेश पर निर्भर करता है। शिकार के लिए यह उन जानवरों को साधता है जो झुण्ड से अलग चलता है। ये अपने क्शेत्र की सीमा निश्चित करने के लिए किसी विशेष स्थान, वस्तु पर पेशाब करते हैं। यदि परिवार में एक ही नर चीता है तो वो दूसरे परिवार के नर चीतों के साथ मिलकर समूह बना लेते हैं या दूसरे समूह में शामिल हो जाते हैं। ये प्रातः अथवा सायं को अधिकांशतः 40 किलोग्राम भार वाले स्तनधारी जीवों का शिकार करते हैं । ये अपने भोजन को उसकी गंध से नहीं बल्कि उसकी छाया से पहचानकर शिकार करते हैं। यदि प्रथम प्रयास में शिकार करने में सफल नहीं होते तो वह उस जीव को छोड़ देते हैं। बड़ी बिल्ली के विपरीत चीता घुरघुराहट के रूप में सांस लेते हैं, पर गर्जन नही कर सकते। लेकिन क्रोधित होने पर इनकी गुर्राहट शेर से कम भयावह नहीं होती। मादा चीता नर से छोटी होती है और यह अन्य मादा सदस्यों के साथ रहना पसंद करती है। लगभग दो वर्ष में वयस्क मादा चीता एक से नौ शावकों को जन्म दे सकती है। जन्म के साथ ही जिनकी गर्दन से पीठ तक रोएंदार मुलायम बाल होते हैं जो आयु बढ़ने के साथ ही झड़ने लगते हैं। प्रसव के डेढ़ माह बाद ही यह अपने बच्चों को शिकार करना सिखाने लगती है। जब यह अपने शावकों के साथ होती है तो बिल्ली जैसी आवाज निकालती है जबकि शावक चिड़ियों जैसी चिर्पिंग करते हैं। इनका औसत जीवनकाल 12 से 20 वर्ष तक रहता है। चीता की खाल को पहले प्रतिष्ठा का प्रतीक माना जाता था। आज यह पारिस्थितिकी तंत्र का पर्याय है। बिल्ली प्रजातियों के अन्य हिंसक पशुओं में इसे सबसे कम आक्रामक माना जाता है। प्राचीन मिस्र निवासी अपने शिकार के लिए चीते को प्रशिक्षित करते थे। यह परंपरा फारसियों से बीसवीं शताब्दी में भारत पहुंची जो चंगेज खान, चार्लेमग्ने और मुगल सम्राट अकबर के शान-ए-शौकत का इतिहास बताती है। इस प्रजाति के लप्त होने के बाद आये शोध ने यह साबित कर दिया है कि चीता पालतू पशुओं का शिकार नहीं करते । इस योजना से प्रेरित किसानो को अभियान चलाकर प्रशिक्षित किया जा रहा है। विभिन्न शोधों से पता चला है कि चीता एक संवेदनशील प्रजाति है जो नए वातावरण को शीघ्र स्वीकार नहीं करता। पारिस्थितिकी तंत्र को बनाये रखने तथा पर्यटन को बढ़ावा देने का यह अनुकरणीय प्रयास है। इसने न केवल जैव संपदा को विभूशित किया है अपितु प्रदेश में राजस्व प्राप्ति के नवीन विकल्पों का मार्ग प्रशस्त किया है। शहरीकरण के चलते सिकुड़ते वन क्षेत्र, शिकार, तस्करी, प्रदूषण, राजनीतिक प्रभाव जैसे बदलते परिवेश के बीच चीतों के गुणसूत्र व उनके अनुवांशिकी लक्षण को अप्रभावित बनाये रखने मे हम कहॉ तक सफल होते हैं, यह देखना बाकी है।

आज का कार्टून।

रूस से फायदे का सौदा

लेखक-सिद्धार्थ शंकर /ईएमएस

हाल ही में उज्बेकिस्तान के समरकंद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की मुलाकात चर्चा में रही। इस दौरान यूक्रेन युद्ध को लेकर मोदी ने पुतिन को नसीहत भी दी। दुनिया भर से इस नसीहत को सराहना मिल रही है। दोनों नेताओं की यह मुलाकात ऐसे समय हुई जब पश्चिम के कुछ देशों ने भारत द्वारा रूस से सस्ता तेल आयात करने पर भारत की आलोचना की थी। लेकिन यूक्रेन युद्ध के बाद रूस पर अमेरिका समेत कई देशों के कड़े प्रतिबंधों के बावजूद भी भारत ने रूस से तेल खरीदना जारी रखा था। भारत ने रूस से तेल खरीद के जरिए 35 हजार करोड़ रुपए की भारी बचत की है। दरअसल पश्चिमी देशों के विरोध के बावजूद भारत ने तेल आयात करने का फैसला किया था। इस फैसले के नफा नुकसान को लेकर काफी चर्चा हुई थी। भारत ने इस साल की पहली तिमाही में रूस से 6.6 लाख टन कच्चा तेल आयात किया। यह दूसरी तिमाही में बढ़कर 84.2 लाख टन हो गया। इस दौरान रूस ने प्रति बैरल 30 डॉलर का डिस्काउंट भी दिया। इसके चलते पहली तिमाही में एक टन कच्चे तेल के आयात की लागत करीब 790 डॉलर थी। इसके बाद दूसरी तिमाही में यह घटकर 740 डॉलर रह गई। इस तरह भारत को कुल 35 हजार करोड़ रुपए का फायदा हुआ। इसी अवधि में अन्य स्त्रोतों से आयात की लागत बढ़ी थी। रूस से 2022 में सस्ते तेल का आयात 10 गुना बढ़ा है। कारोबार 11.5 अरब डॉलर तक पहुंच गया है। यह साल के आखिर तक रिकॉर्ड 13.6 अरब डॉलर तक पहुंचने की प्रबल संभावना है। भारत चीन के बाद रूसी कच्चे तेल के दूसरे सबसे बड़े खरीदार के रूप में उभरा है। जुलाई में रूस भारत का दूसरा सबसे बड़ा तेल आपूर्तिकर्ता बन गया, जिसने सऊदी अरब को तीसरे स्थान पर पछाड़ दिया। हालांकि बाद में सऊदी अरब अगस्त तक फिर अपनी स्थिति में वापस आ गया और अब रूस भारत के लिए तीसरा सबसे बड़ा तेल आपूर्तिकर्ता बना हुआ है। आंकड़ों से पता चलता है कि अप्रैल से जुलाई के दौरान रूस से भारत का खनिज तेल आयात आठ गुना बढ़कर 11.2 अरब डॉलर हो गया, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 1.3 अरब डॉलर था। मार्च के बाद से जब भारत ने रूस से आयात बढ़ाया है तो यह आयात 12 अरब डॉलर से ऊपर हो गया है, जो पिछले साल 1.5 अरब डॉलर से थोड़ा अधिक था। इनमें से करीब 7 अरब डॉलर का आयात जून और जुलाई में हुआ है। भारत के लिए तेल की कीमतें महत्वपूर्ण हैं क्योंकि यह आयात 83 प्रतिशत मांग को पूरा करता है। इसमें भारत सरकार काफी पैसे खर्च करती है। एक तथ्य यह भी है कि देश का तेल आयात बिल 2021-22 में दोगुना होकर 119 बिलियन डॉलर हो गया। इससे सरकारी वित्त में काफी दबाव आया और महामारी के बाद आर्थिक सुधार पर असर भी पड़ा। हाल ही में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एक सेमिनार में कहा था कि रूस से तेल आयात करना मुद्रास्फीति प्रबंधन रणनीति का हिस्सा था और अन्य देश भी कुछ ऐसा ही कर रहे थे। यूक्रेन से जंग करने को लेकर जहां एक तरफ पश्चिमी देशों ने रूस से मुंह मोड़ लिया है, वहीं ऐसे मुश्किल समय में भी भारत और चीन मजबूती से रूस के साथ खड़े हैं। पश्चिमी देशों के दबाव के बावजूद दोनों देशों ने अभी तक इस मामले में रूस के खिलाफ स्टैंड नहीं लिया है।

पाप कर्म का फल हानिकारक है

कहहिं कबीर यह कलि है खोटी। जो रहे करवा सो निकरै टोटी।। एक छोटा सा पहाड़ी गांव था। ग्राम के सभी लोग शराब व मांस का सेवन करते थे। जो शराब नहीं पीता था, जो मांस नहीं खाता था उसे ग्राम सजा के रूप में ग्राम बाहर कर देते थे। उसी ग्राम का एक आदमी अपने संबंधी के गांव गया। ग्राम में संतजन आए हुए थे। अतऱ अपने समधी के साथ सत्संग में चला गया। उपदेश का जादू ऐसा कर गया कि वह तत्काल प्रभाव से शराब व मांस सेवन छोड़ दिया। गांव वापस आने पर पूरा परिवार इस र्दुव्यसन को छोड़ दिए। यह तथ्य ग्राम में फैल गई। बैठक हुई और उसे गांव बहिरा की सजा दे दी गई गांव वाले उस परिवार से कटने लगे। नाई, धोबी, नौकर आदि सब ने उसके यहां काम करना बंद कर दिया। कुछ दिन उसे जीवनयापन में अड़चन हुई परंतु धीरे-धीरे सब सामान्य हो गया। गांव के और लोग उनसे प्रभावित होकर शराब मांस छोड़ दिए। साहेब कहते हैं कि, हे अभागा मनुष्य! तुम्हें बुरे कार्य करने के लिए किसने सम्मानित किया है जो रात दिन चोरी, झूठ, नशापान, मांस खाने में आनंद मानते हो और विषयों में सुख का भ्रम पाल रहे हो आज कल में तेरा अंत हो जाएगा। जीवन भर अशुभ कार्य करते हुए इस उत्तम मानव शरीर का दुरुपयोग ही किए हो अतऱ मृत्यु पश्चात तुम्हारा कहां निवास होगा इसका तुम्हें होश नहीं है। राम न रमसि कौन डंड लागा। राम भजन है शुभ कार्य। शुभ कार्य छोड़कर अशुभ काम में लिप्त रहने तुम्हें किसने दंडित या गांव बहिरा किया है? साहेब कहते हैं, पाप कर्म बहुत बुरी बात है। पाप कर्म का फल हानिकारक है, पाप कर्म काटने के लिए तीर्थ जाते हो। पूजा पाठ करते हो। केश-मुंडन कराते हो। तंत्र-मंत्र तथा पाखंड युक्त कर्म करके मुक्त होना चाहते हो। ये सब तुम्हारा भ्रम है अपने अंदर की पशुत्व को मिटाना छोड़ पशुबलि पर मुक्ति पाने का भ्रम पालते हो। साहेब कहते हैं, जीवन में जिसकी कमाई होगी उसी का फल मिलेगा। मनुष्य जो कुछ जीवन भर करता है उन्हीं सबका संस्कार मन में इकट्ठे होकर भीतर जमा होते हैं। और उन्हीं का फल आज तथा आगे मिलते हैं यदि तुमने जीवन में अच्छे संस्कार की कमाई की है तो तुम्हारे जीवन में शांति बनी रहेगी। ड्रम को मांज धोकर स्वच्छ जल भरोगे तो ड्रम के नल से स्वच्छ जल ही निकलेगा। गंदा पानी भरने से गंदा पानी निकलेगा। तेल भरने से तेल व जहर भरने से जहर ही निकलेगा। हे अभागे मनुष्य तू अपना माना हुआ सब कुछ छोड़कर एक दिन यहां से चला जाएगा। धन-जन साथी सब छूटेंगे। परंतु राम नहीं छूटेगा और राम है तेरी चेतना तेरा अभिन्न स्वरूप अतऱ सारी वासनाएं छोड़कर राम में लीन हो जा। वे कहते हैं।

राम न रमसि कौन डंड लागा।
मरि जबै का करिये अभागा।।

राजयोग शिक्षा से अध्यात्म तक को डॉक्टरेट!

लेखक- डॉ श्रीगोपाल नारसन (ईएमएस)

जब कोई व्यक्ति अधिमान्य शिक्षा से कही अधिक श्रेष्ठ और विद्वान हो जाता है, तब देश दुनिया में उसे मान्यता व सम्मान स्वरूप विश्वविद्यालय व शिक्षण संस्थान अपनी सर्वोच्च शिक्षा उपाधि डॉक्टरेट या फिर डीलिट मानद रूप में प्रदान करते है।यूं तो प्रायः हर क्षेत्र में विभिन्न विभूतियों को इस तरह के मानद सम्मान मिलते रहे है। लेकिन आध्यात्म के क्षेत्र में पहले इस तरह का सम्मान नही मिल पाता था। परंतु जब से प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय माउंट आबू ने दुनिया के 140 देशों में अपने साढ़े आठ हजार से अधिक राजयोग शिक्षा केंद्र खोल दुनियाभर में राजयोग शिक्षा के पाठ्यक्रमों के माध्यम से आध्यात्म व चरित्र निर्माण को बढ़ावा दिया है तब से शिक्षण संस्थानों ने भी ब्रह्माकुमारीज के इस पाठ्यक्रम को न सिर्फ मान्यता देकर अपने यहां यह पाठ्यक्रम लागू किया बल्कि ब्रह्माकुमारीज की शीर्ष विभूतियों जो राजयोग व आध्यात्म में पाठ्यक्रम से भी कही ऊपर है ,को मानद डॉक्टरेट देकर इस ज्ञान को स्वीकार्य किया है। हाल ही में मणिपुर इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी ने ब्रह्माकुमारीज की संयुक्त मुख्य प्रशासिका बीके मुन्नी बहन व संस्था के महासचिव बीके निर्वैर भाई को राजयोग के माध्यम से सामान्य व्यक्तियों को श्रेष्ठ मनुष्य बनाने में योगदान के लिए डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की है। उन्हें यह सम्मान यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ हरी कुमार ने स्वयं उनके पास पहुंचकर दिया। इससे पूर्व बेल्लारी विश्वविद्यालय द्वारा संस्था की मुख्य प्रशासिका रही दादी गुलजार को डॉक्टरेट ऑफ लिटरेचर की मानद उपाधि सन 2019 में प्रदान की थी। वही संस्था की ही मुख्य प्रशासिका रही दादी जानकी

को 101 वर्ष की आयु में विसाखापट्टनम विश्वविद्यालय द्वारा डॉक्टरेट का सम्मान प्रदान किया गया था। रांची विश्वविद्यालय ने तो अपने 6 दशक के इतिहास में पहली बार ब्रह्माकुमारीज के कार्यकारी सचिव बीके मृतुन्जय भाई को उनके आध्यात्मिक योगदान के लिए डॉक्टरेट की मानद उपाधि से विभूषित किया।

वही वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका बीके उषा माणिक लाल नायक व राजयोगी कवि बीके विवेक भाई को विक्रमशिला हिंदी विद्यापीठ द्वारा विद्या वाचस्पति व विद्या सागर का मानद सम्मान दिया जाना शैक्षणिक संस्थाओं द्वारा आध्यात्म व राजयोग शिक्षा के प्रति स्वीकार्यता का प्रमाण है। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय अंतरराष्ट्रीय स्तर विश्व मे शांति, सदभाव की अलख जगा रहा है। हाल ही में हुए ब्रह्माकुमारीज के वैश्विक शिखर सम्मेलन-2022 में आध्यात्मिक पथ पर चल कर विश्व शांति कायम करने का आव्हान किया गया । 'विश्व शांति का अग्रदूत भारत' विषय पर आयोजित इस सम्मेलन का उदघाटन 11 सितंबर को संस्थान की प्रमुख राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी, सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायमूर्ति रंजन गोगोई, केन्द्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी, हरियाणा के जनजातीय मंत्री ओम प्रकाश यादव समेत बड़ी संख्या में देश विदेश की ख्यातनाम हस्तियों द्वारा किया गया है। संस्थान के कार्यकारी सचिव बीके मृत्युंजय ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव से स्वर्णिम भारत की ओर विषय के तहत यह वैश्विक शिखर सम्मेलन (ग्लोबल समिट-2022) आयोजित किया गया है। इस सम्मेलन में कई प्रदेशों के मंत्री, राजनेता, सांसद, विधायक, फिल्म अभिनेता, सुप्रसिद्ध समाजसेवी, वरिष्ठ मीडियाकर्मी, विश्वविद्यालयों के कुलपति, शिक्षाविद, उद्योगपति समेत तमाम नामचीन हस्तियां शामिल रही। यह वैश्विक शिखर सम्मेलन कई मायनों में खास रहा है। इसमें एक स्वागत सत्र, उद्घाटन सत्र, चार खुले सत्र, चार ध्यान योग सत्र के साथ समापन सत्रों में कई विषयों पर विभिन्न क्षेत्रों के विद्वान विचार मंथन कर रहे है। इस वैश्विक शिखर सम्मेलन का उद्देश्य सामाजिक और राजनीतिक लोगों में मानवीय मूल्यों के बारे में जागरूकता पैदा करना है। साथ ही शांति और अहिंसा के मूल्यों को बढ़ावा देना, भौतिक चेतना से आत्मिक चेतना में बदलाव लाना और एक स्थायी वातावरण सुनिश्चित करने में समाज की सकारात्मक और सक्रिय भूमिका को प्रोत्साहित करना है। सम्मेलन में हिंसा मुक्त समाज की स्थापना में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के चमत्कारों का उपयोग करने के साथ ही महिलाओं को आनंद और खुशी के ध्वजवाहक के रूप में सम्मानित करना, युवाओं को रचनात्मक और सकारात्मक बदलाव के लिए प्रेरित करना इस वैश्विक शिखर सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य रहा है। इसी तरह के विभिन्न आयोजनों के माध्यम से व देश के करीब दो दर्जन विश्वविद्यालयो द्वारा अपने यहां राजयोग शिक्षा का पाठ्यक्रम लागू करके तथा शीर्ष राजयोगियो को डॉक्टरेट का सम्मान देकर आध्यात्म व राजयोग को मान्यता दी है। जो देश दुनिया के लिए बहुत ही सुखद है।

प्रसंगतः

दृढ़ संकल्प शक्ति

जिस मनुष्य के भीतर दृढ़ संकल्प शक्ति होती है, वही व्यक्ति अपने भीतर ऊंचा उठने की शक्ति को महसूस करता है। हमें यह न भूलना चाहिए कि यश संकल्प पर आधारित होता है, मनुष्य संकल्प के बलबूते पर ही उन्नति करता है। संकल्प वह चमत्कारी जादू है, जिसे दैनिक जीवन में नियमित रूप से अपनाने से मानव का कायाकल्प हो जाता है। संकल्प उस अटल निश्चय का नाम है, जिससे मानव सही मार्ग पर चलने के लिए आत्मबल और दृढ़ता चंद्रशेखर आजाद ने मातृभूमि को आजाद कराने का संकल्प लिया था। उन दिनों गाजीपुर के महन्त बीमार थे। उन्होंने साहित्यकार रामकृष्ण खत्री से कहा- ''आपकी निगाह में अगर कोई सुशील, सच्चरित्र लड़का हो तो बताएँ, उसे अपना शिष्य बनाकर इस मठ की व्यवस्था करके उसके सुपुर्द करना चाहता हूँ।'' खत्री जी क्रांतिकारियों के साथ काम कर रहे थे, उन्होंने इसकी चर्चा की तो चंद्रशेखर आजाद भी शिष्य बनने को तैयार हो गये। खत्री जी ने कहा- ''तुम पागल तो नहीं हो? साधु बनोगे? सिर घुटवाना पड़ेगा, दीक्षा लेनी पड़ेगी और सेवा करनी होगी, दिन-रात मठ में तो रहना ही होगा।'' आजाद ने कहा- ''मेरे साहित्यकार भाई! मठ में काफी संपत्ति है। हमारी पार्टी को धन की बहुत आवश्यकता है। अगर धन होगा तो पार्टी बहुत मजबूत होगी, पार्टी मजबूत होगी तो देश जल्दी आजाद हो जायेगा। अपने देश को आजाद करवाने के लिए मैं कुछ भी करने को तैयार हूँ।'' ''तुम्हारा परिचय किस नाम से करवाया जाए?'' ''एक कवि के नाम से करवा देना बस।'' ''अगर महन्त जी कविता सुनाने के लिए कहने लगे तो?'' ''देश की आजादी के लिए मैं क्रांतिकारी बन सकता हूँ, तो क्या कवि नहीं बन सकता? साहित्यकार होकर भी क्या तुम नहीं जानते कि कलम तलवार से भी बड़ा शस्त्र होता है।'' कहकर आजाद गंभीर हो गये। आजाद जैसा दृढ़ संकल्प यदि तुम करोगे तो निश्चय ही सफलता तुम्हारे कदमों को चूमेगी।

DELHI CRIME 21 sep 2022:Layout 1 9/20/2022 7:06 PM Page 3

एनडीए की परीक्षा में गुरुकुल के छात्रों की ऊंची उड़ान, 60 छात्र हुए उत्तीर्ण

कुरुक्षेत्र, (हि.स.)। गुरुकुल कुरुक्षेत्र के छात्र श्रेष्ठ परीक्षा परिणामों की परम्परा को न केवल आगे बढ़ा रहे हैं बल्कि प्रतियोगी परीक्षाओं में अपनी प्रतिभा के दम पर नई ऊंचाइयां छू रहे हैं। इसकी बानगी सोमवार को आए एनडीए के लिखित परीक्षा परिणाम में देखने को मिली, जिसमें गुरुकुल के 60 छात्रों ने अपनी मेधा का झंडा बुलंद करते हुए यह परीक्षा उत्तीर्ण की। छात्रों की इस बड़ी कामयाबी पर गुरुकुल परिसर में उत्साह का माहौल है। गुरुकुल के प्रधान राजकुमार गर्ग ने निदेशक कर्नल अरुण दत्ता, प्राचार्य सुबे प्रताप, व्यवस्थापक रामनिवास सहित तमाम अध्यापक व संरक्षकवृन्द को इसके लिए बधाई दी और छात्रों को लड्डू खिलाकर खुशी व्यक्त की। वहीं, गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने भी गुरुकुल कुरुक्षेत्र के छात्रों की कड़ी मेहनत और परिश्रम की तारीफ की और इस बड़ी उपलब्धि पर समस्त गुरुकुल परिवार को शुभकामनाएं प्रेषित कीं। उन्होंने छात्रों को एसएसबी इन्टरव्यू में भी सफल होने का आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर एनडीए विंग के सूबेदार एसके मोहन्ती, सूबेदार बलवान सिंह, आईआईटी विंग के प्रकाश जोशी भी मौजूद रहे। निदेशक कर्नल अरुण दत्ता ने बताया कि यूपीएससी द्वारा 4 सितम्बर 2022 को एनडीए हेतु लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमें देश के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के लाखों छात्रों ने भाग लिया। सोमवार को यूपीएससी द्वारा लिखित परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया, जिसमें गुरुकुल के 60 छात्रों ने सफलता हासिल की। इनमें 36 छात्र इस सत्र से हैं जबकि 24 छात्र विगत सत्र वाले हैं। अब ये सभी छात्र एसएसबी पर फोकस करेंगे जिसमें सफल होने के बाद ये सेना में लेफ्टिनेंट के पद पर अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। हाल ही में गुरुकुल में 10 दिवसीय एसएसबी ओरिएंटेशन प्रोग्राम सम्पन्न हुआ जिसमें छात्रों को विशेषज्ञों द्वारा एसएसबी में सफल होने के लिए पूरी गाइडेंस दी गई। कर्नल दत्ता ने कहा कि गुरुकुल कुरुक्षेत्र शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ा नाम बनकर उभरा है। गुरुकुल में अध्ययनरत छात्रों के भविष्य को लेकर उनके अभिभावक बिल्कुल निश्चिन्त है, क्योंकि वे इस बात से भली-भांति परिचित हैं कि गुरुकुल में पाठ्यक्रम के अलावा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कुशल और अनुभवी अध्यापकों द्वारा करवाई जाती है। गुरुकुल कुरुक्षेत्र ने पिछले कुछ वर्षों में एनडीए और आईआईटी में 50 से अधिक छात्रों को भेजकर अभिभावकों के इस भरोसे को और मजबूत किया है। प्राचार्य सूबे प्रताप ने कहा कि निश्चित तौर पर गुरुकुल के लिए यह बड़ी उपलब्धि है और उससे भी बढ़ कर यह उन अभिभावकों के लिए हर्षित करने वाला शुभ समाचार जिनके बच्चे एनडीए जैसी जटिल परीक्षा में सफल हुए हैं। यह उनके संघर्ष, कड़ी मेहनत और गुरुकुल के निष्ठावान, कर्मठ, विषय विशेषज्ञ अध्यापकों के परिश्रम का परिणाम है।

हड़ताल के दूसरे दिन आढ़तियों ने शहर में किया प्रदर्शन

कैथल, (हि.स.)। सोमवार से हड़ताल पर चल रहे जिला कैथल की सभी मंडी के आढ़तियों ने मंगलवार को शहर में प्रदर्शन किया। आढ़तियों ने शहर के मुख्य चौराहों पर कुछ देर रुक कर अपनी मांगों के समर्थन में नारे लगाए। इसके बाद आढ़तियों ने विधायक लीलाराम के नाम उनके पीए राम कुमार नैन को ज्ञापन दिया। हड़ताल के कारण कैथल की मंडियों में दूसरे दिन भी खरीद नहीं हुई। मंगलवार को भी जिला की मंडियों में किसान धान लेकर नहीं पहुंचे। धान की खरीद ना होने से किसान परेशान है। सुबह जिला की सभी मंडियों के आढ़ती कैथल की नई अनाज मंडी में एकत्र हुए और एक बैठक का आयोजन किया। बैठक की अध्यक्षता नई अनाज मंडी के प्रधान श्यामलाल नौच ने की। ऑल हरियाणा आढ़ती एसोसिएशन के उप प्रधान अश्विनी शोरेवाला ने कहा कि सरकार आढ़तियों की अनदेखी कर रही है और उनकी मांगों को नजरअंदाज कर रही है। जब तक उनकी मांगे नहीं मानी जाती तब तक हड़ताल जारी रहेगी। इसके बाद आढ़तियों ने नई अनाज मंडी में प्रदर्शन किया। जहां से वे प्रदर्शन करते हुए जाखौली, अड्डा पुराना बस स्टैंड होकर भी पेहवा चौक पहुंचे। पेहवा चौक पहुंच कर आढ़तियों ने जाम लगा दिया। जाम के दौरान आढ़तियों ने अपनी मांगों के समर्थन में नारे लगाए। आढ़तियों के प्रदर्शन को देखते हुए पेहवा चौक और विधायक लीलाराम के आवास के बाहर भारी पुलिस बल तैनात किया गया था।

प्रदर्शन में शामिल होने वाले आढ़ती नेता - प्रदर्शन में जिला अनाज मंडी आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान अश्वनी शोरेवाला, नई अनाज मंडी प्रधान श्यामलाल नौच कैथल, पुरानी अनाज मंडी प्रधान श्याम बहादुर खुरानिया कैथल, अतिरिक्त अनाज मंडी प्रधान रघुवीर सिंह कैथल,मंडी चेयरमैन धर्मपाल कठवाड़ कैथल, बाबालदाना प्रधान विनोद जैन, राजौंद के प्रधान ईश्वर, राजौंद प्रधान महिपाल राणा, कलायत मंडी प्रधान सोहन लाल गर्ग, सीवन मंडी प्रधान विनोद कुमार, चीका मंडी प्रधान सतपाल जैन, पाई मंडी प्रधान कृष्ण लाल, ढाण्ड मंडी प्रधान रमेश कुमार, पूंडरी मंडी प्रधान सतीश हजवाना और ध्यान चंद ने हिस्सा लिया।

अब भिवानी के खिलाड़ी भी आईस स्केटिंग के रिंग में दिखाएंगे जलवा

भिवानी, (हि.स.)। जिले में आईस स्केटिंग एसोसिएशन की कार्यकारिणी का गठन होने के बाद यहां के स्केटर्स भी आइस स्केटिंग की स्टेट व नेशनल स्तर की प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले सकेंगे। जल्द ही भिवानी में इस ओलम्पिक खेल को बढ़ावा देने के लिए जल्द ही व्यापक स्तर पर प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में भिवानी में आयोजित बैठक में प्रदेश महासचिव नरेश सेलपाड़ की देख-रेख में चुनाव संपन्न हुए। जिसमें हरियाणा गौरव अवार्डी अध्यापक अजय श्योराण को भिवानी आइस स्केटिंग एसोसिएशन का अध्यक्ष, नरेश कुमार सुकण्ड बंधु को संरक्षक, सतबीर सिंह को सचिव, जे.आर.एम. स्कूल भेरा की निदेशका सुनीता सांगवान को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अशोक कुमार एवं रामधन शास्त्री को उपाध्यक्ष, सतीश फोगाट को कोषाध्यक्ष एवं जयपाल सिंह को सह सचिव चुना गया है। सभी पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र आईस स्केटिंग एसोसिएशन के महासचिव नरेश सेलपाड़ ने प्रदान किये।

मतदान केंद्रों के रेशनेलाइजेशन के लिए उपायुक्त ने की राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक

-फतेहाबाद व रतिया के मतदान केन्द्रों में बदलाव नहीं, टोहाना में हुआ मतदान केन्द्रों का रेशनेलाइजेशन

फतेहाबाद, (हि.स.)। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जगदीश शर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को उनके कार्यालय में मतदाता सूचियों के संक्षिप्त पुनरीक्षण तथा मतदान केन्द्रों के रेशनेलाइजेशन के प्रस्तावों के बारे विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित हुई। उपायुक्त ने विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को भारत निर्वाचन आयोग से प्राप्त पहली जनवरी, 2023 को आधार तिथि मानकर फोटोयुक्त मतदाता सूचियों के संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम बारे में विस्तृत जानकारी दी। उपायुक्त ने मतदान केन्द्रों के रेशनेलाइजेशन के संबंध में विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को बताया कि फतेहाबाद व रतिया विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के किसी भी मतदान केन्द्र में बदलाव का कोई प्रस्ताव नहीं है, जबकि टोहाना विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में प्राप्त प्रस्तावों के अनुसार अनुसार मतदान केन्द्रों के रेशनेलाइजेशन किया गया है। उपायुक्त ने बताया कि टोहाना विधाननसभा क्षेत्र में मतदान केंद्र भवन क्षतिग्रस्त होने तथा मतदाताओं की संख्या 1500 से अधिक होने के कारण नया मतदान केंद्र बनाए गए है। जाखल में राजकीय प्राथमिक पाठशाला बाजीगर बस्ती मतदान केंद्र को राजकीय माध्यमिक विद्यालय, दायां कक्ष में स्थापित किया गया है। इसी प्रकार से जाखल के राजकीय प्राथमिक पाठशाला रेलवे कॉलोनी, बायां कक्ष को बीडीपीओ कार्यालय पुराना भवन, चिल्लेवाल में पंचायत घर के मतदान केंद्र को ग्राम सचिवालय, कस्बा टोहाना में सैनी धर्मशाला वार्ड नंबर 10 के मतदान केंद्र को रविदास धर्मशाला, केएम सरस्वती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के बायां कक्ष के मतदान केंद्र को केएम सरस्वती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बायां कक्ष व मध्य कक्ष में मतदान केंद्र को स्थापित किया गया है। बैठक में उप तहसीलदार राज कुमार, भारतीय जनता पार्टी से हंस राज सचदेवा, कांग्रेस पार्टी से सीताराम बैनीवाल, बहुजन समाज पार्टी से जिले सिंह वर्मा व सुमन रानी, आम आदमी पार्टी से जयविन्द्र मैच्यू, सुशील बिश्नोई, सीपीआईएम पार्टी से राम कुमार बहबलपुरिया, मोहन लाल नारंग के अलावा निर्वाचन सहायक कृष्ण कुमार, राजेन्द्र कुमार, सुनील आदि मौजूद रहे।

पदमश्री की दौड़ में शामिल हरियाणा का छोरा अशोक भारद्वाज

भिवानी, (हि.स.)। समाज व राष्ट्र को समर्पित नेताजी सुभाष चंद्र बोस युवा जागृत सेवा समिति के अध्यक्ष एवं भारत सरकार व महामहिम राष्ट्रपति से राष्ट्रीय युवा पुरस्कार अवॉर्डी अशोक भारद्वाज भारत के सर्वोच्च पदमश्री पुरस्कार की दौड़ में 9वें नंबर पर शामिल हुए हैं। गौरतलब है कि जिला महेंद्रगढ़ के छोटे से गांव झाड़ली ब्राह्मणों वाली में किसान परिवार से जन्में और भिवानी कर्मभूमि से करीब 22 साल से सामाजिक और राष्ट्रीय चिंतन को लेकर देश भर में काम कर रहे 40 वर्षीय अशोक कुमार भारद्वाज बिना किसी की सिफारिश से इस दौड़ में अपनी की गई राष्ट्रीय स्तर की सेवाओं के बल पर शामिल हुए हैं। समाज में कोई महामारी हो या बुराई, बाढ़ हो या भूकंप सडकों की मरम्मत हो या फिर कोविड, सारस, स्वाईन फ्लू, डेंगू हो या मलेरिया, पानी और पर्यावरण बचाओ हो या गंगा बचाओ अभियान, भारत सरकार के जलजीवन मिशन हो या प्रधानमंत्री के कैच दा रेन कार्यक्रम हो हर पहलू पर अशोक ने जागरूकता के साथ अपने कदम राष्ट्र व समाजहित में आगे बढ़ाए है। यही नहीं, हाल ही में पीछे 3 वर्ष तक देश और दुनिया में कोविड का कहर रहा और दौरान अशोक की लगातार तीन वर्ष की सेवाओं को देखते हुए प्रदेश के मुख्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर, पंजाब, हरियाणा के राज्यपाल व देश के प्रधानमंत्री ने सेवा प्रमाण पत्र देकर सम्मान दिया है।

इस बारे में जब राष्ट्रीय युवा पुरस्कार अवार्ड अशोक कुमार भारद्वाज से बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि ज्ञानानंद महाराज जैसे महान हस्तियों के नाम को देखकर एक बार भी अपने आपको पीछे रख रहे थे, लेकिन मुख्यमंत्री का दौरा उनके नाम की सिफारिश के बाद है उन्हें पता चला कि ज्ञानानंद महाराज का नाम भी पदमश्री पुरस्कार में शामिल है। जब तक वह फार्म अप्लाई कर चुके थे। उन्होंने कहा कि उनका नाम पदमश्री तालिका में पदम पुरस्कार राष्ट्रीय समिति के द्वारा एक्सेप्ट किया गया है।

शहर में गौवंशीय पशुओं की फिर निर्ममता से हत्या, करणी सेना ने लगाया जाम, भेजा मुख्यमंत्री को ज्ञापन

राकेश कोली। बरेली थाना इज्जत नगर के अंतर्गत आने वाली चौकी बैरियर 2 के क्षेत्र महानगर में आज सुबह जब भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला महामंत्री राधेश्याम साहू टहलने को निकले, तब वहाँ एक जगह उन्होंने देखा कि बहुत सारी मात्रा में कौवे और कुत्ते मांस के अवशेषों को नोच नोच कर ले जा रहे हैं पास में जाकर देखा तो 4 गायों के सर, आंतडिया, रस्सी, कुल्हाड़ी, चाकू, सूजा और खून बिखरा पड़ा है, ये सब देखकर राधेश्याम साहू ने अन्य भाजपा पदाधिकारियों को सूचना दी। तब तक मौके पर काफी भीड़ जुट गई और लोग हंगामा करने लगे। लोगों की सूचना पर 112 नंबर व इज्जत नगर थाने की फोर्स ने मौके पर पहुंचकर आनन-फानन में तहरीर लिखकर मुकदमा पंजीकृत कराया। इसके बाद हिंदू जागरण मंच के जिलाध्यक्ष अरुण फौजी, मुनीश सक्सेना तथा प्रधान धोरेरा माफी राकेश पटेल मौके पर पहुंचे और गायों के अवशेषों को शांतिपूर्ण व्यवस्था करके उनको दफनाया। उधर जब घटना की सूचना करणी सेना के पदाधिकारी डॉ प्रदीप को मिली तो उन्होंने जिलाध्यक्ष ठाकुर राहुल सिंह से संपर्क किया फिर ठाकुर राहुल सिंह के नेतृत्व में बैरियर टू चौकी पर जाकर नवीन सक्सेना, डॉक्टर प्रदीप, राहुल गुप्ता, सोनू, राजू आदि पदाधिकारियों व अन्य स्थानीय लोगों ने पीलीभीत रोड को जाम कर दिया और गौ हत्यारों को जल्द से जल्द पकड़ कर जेल भेजने का दबाव पुलिस पर बनाने लगे। इसके बाद कई थानों की फोर्स बैरियर टू चौकी पीलीभीत रोड पर पहुंची और वहां के स्थानीय लोगों को समझा- बुझाकर मामले को शांत करके जाम खुलवाया गया, करणी सेना ने वहाँ मौजूद पुलिस प्रशासन को एक ज्ञापन भी दिया, जिसके विषय में जिलाध्यक्ष राहुल सिंह नें बताया कि बरेली में लगातार गौ हत्यायें थमने का नाम नहीं ले रहीं हैं अतः हमारा माननीय मुख्यमंत्री जी से निवेदन है कि आवारा पशुओं के लिए गांव में ही कोई ठोस व्यवस्था सरकार द्वारा बनाई जाए, साथ ही गौ तस्करी करने वालों के खिलाफ कठोर कार्यवाही कर उनकी संपत्ति को कुर्क किया जाए करणी सेना आपसे यह मांग करती है कि जल्द कोई ठोस व्यवस्था बनाकर कठोर कार्यवाही की जाए साथ ही गाय माता को राष्ट्रीय पशु घोषित किया जाए। इस बवाल को देखते हुए बरेली के एसएसपी सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज ने बरेली थाना इज्जत नगर के एसएचओ धीर सिंह तथा चौकी प्रभारी संजय सिंह बैरियर 2 को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया। बताया जाता है कि पहले से एसएचओ इज्जत नगर रडार पर चल रहे थे कप्तान के दफ़्तर में कई बार उनकी शिकायतें पहुंच चुकी थी उन पर अब विभागीय जांच के भी आदेश जारी हो गए हैं। अभी भी कई थानों की फोर्स बैरियर चौकी पीलीभीत रोड पर तैनात है फि लहाल यातायात को खोल दिया गया है।

विधायक लक्ष्मण नापा सहित अनेक भाजपा नेताओं ने लगाई झाड़ू

फतेहाबाद, (हि.स.)। स्वच्छता में भगवान का वास होता है। हर व्यक्ति को स्वच्छता पर विशेष ध्यान देना चाहिए। जहां स्वच्छता होगी वहां बीमारियां भी नहीं पनप सकेंगी। यह बात रतिया के विधायक लक्ष्मण नापा ने मंगलवार को नागपुर सहित आसपास के क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों द्वारा चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के तहत आयोजित कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि पूरे देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसके तहत जिलाभर में भी भाजपा जिलाध्यक्ष बलदेव ग्रोहा के नेतृत्व में कार्यकताओं द्वारा हर्षोल्लास के साथ पखवाड़ा मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पखवाड़ा के तहत सफाई अभियान, पौधारोपण, रक्तदान शिविर सहित विभिन्न कार्यक्रम समाज व देशहित के लिए जा रहे हैं। यह पखवाड़ा आगामी दो अक्टूबर तक चलेगा। विधायक श्री नापा ने कहा कि समाज, राष्ट्र के लिए स्वच्छता का बड़ा महत्व है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार हम अपने रहने वाले निवास स्थान, आसपास के क्षेत्र को साफ सूथरा करते हैं। इसी प्रकार हमारे आसपास के क्षेत्रों को साफ सूथरा रखने के लिए पार्टी कार्यकताओं के साथ-साथ आमजन मानस भी बढ़कर भाग लें। उन्होंने यह भी कहा कि जिला प्रशासन, नगर परिषद व पालिकाओं द्वारा किए जा रहे स्वच्छता अभियान में हमें बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि रतिया विधानसभा क्षेत्र के सभी गांव, कस्बे, शहर, जिला, प्रदेश तथा देश साफ सूथरा होगा तो हमें हर भारतीय को भी एक खुशी की अनुभूति होगी।



जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर द्वारा संचालित महिला सुरक्षा सेल में महिलाओं को मिल रहा इंसाफ

- महिला सुरक्षा सेल के सदस्यो द्वारा काउंसलिंग के बाद 3 विवाहित जोड़ों को पुनः मिलाया गया
- पीड़ित महिलाओं की सहायता की एक नई पहल बनता जा रहा है महिला सुरक्षा सेल

निखिल सैनी , मुजफ्फरनगर। जिलाधिकारी महोदय चंद्र भूषण सिंह के द्वारा कलेक्ट्रेट में संचालित महिला सुरक्षा सेल में नोडल अधिकारी डॉ0 नेहा शर्मा, महिला सुरक्षा सेल सदस्य श्रीमति शिवांगी बालियान एवं अभियोजकों के द्वारा काउंसलिंग की जा रही है, जिसके फलस्वरूप गत दिवस महिला सुरक्षा सेल द्वारा तीन विवाहित जोड़ों की काउंसलिंग कर आपसी सहमति से पुनः मिलवाया गया, जिसमें से एक महिला की मानसिक शोषण की शिकायत मिलने पर महिला सुरक्षा सेल द्वारा काउंसलिंग की गई, जिसके फलस्वरूप महिला के पति एवं ससुराल पक्ष को काफी समय तक समझाने के बाद आपसी सुलह कराई गई, एवं महिला को अपनी ससुराल वापस भेजा गया। जबकि दूसरे विवाद में पति नशा करता था एवं पीड़ित महिला के साथ मारपीट करता था जिसमें महिला सुरक्षा सेल के द्वारा पति के साथ काउंसलिंग की गई एवं पति को नशा ना करें एवं अपनी पत्नी के साथ सप्रेम रहने हेतु कहा गया, जिसके फलस्वरूप पति एवं पत्नी आपसी सहमति से एक साथ रहने के लिए तैयार हो गए। महिला सुरक्षा सेल में आए हुए एक विवाद में पीड़ित महिला की शिकायत थी कि ससुराल पक्ष उसे बच्चा न होने की वजह से परेशान करते हैं एवं उसका पति किसी अन्य महिला से संबंध बनाए हुए हैं जिसमें महिला सुरक्षा सेल के द्वारा काउंसलिंग कर ससुराल पक्ष को समझाया गया एवं पति को सख्त हिदायत देते हुए कहा गया कि पत्नी का शारीरिक व मानसिक शोषण करना दंडनीय अपराध है जिसके उपरांत पति एवं पत्नी आपसी सुलह कर एक साथ रहने के लिए तैयार हुए। जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर के नेतृत्व में संचालित महिला सुरक्षा सेल उक्त तीनों के केस की भांति ही सेल में आई हुई पीड़ित महिलाओं की काउंसलिंग कर रही है तथा विवाहित जोड़ों को काउंसलिंग कर पुनः मिलाने की पुरजोर कोशिश की जा रही है। महिला सुरक्षा सेल में नोडल अधिकारी डॉ0 नेहा शर्मा ने बताया कि आज जहाँ महिलाए हर क्षेत्र में बढ-चढ कर प्रतिभाग कर रही है एवं समाज में अपनी नयी पहचान बना रही है परन्तु अभी भी कही न कही ऐसी महिलाओं के विरुद्ध बढती हिंसा की खबरे समाज के लिए चिंता का विषय है इसलिए जिलाधिकारी महोदय के निर्देश पर महिला सुरक्षा सेल में आयी पीडित महिलाओं को न्याय दिलाने का कार्य निरन्तर कराया जा रहा है। कोई भी पीडित महिला सुरक्षा सेल के हेल्पलाईन नम्बर 9412711937, 9412711931 पर सम्पर्क कर सकती है।

DELHI CRIME 21 sep 2022:Layout 1 9/20/2022 7:06 PM Page 4

हारने पर चुनाव नतीजे स्वीकार नहीं करेंगे ट्रंप समर्थक

न्यूयॉर्क (ईएमएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव हारने के बाद ट्रंप समर्थकों को लोकतंत्र पर विश्वास नहीं रहा। ट्रम्प समर्थक अब खुलेआम दादागिरी पर उतर आए हैं। अमेरिका में 8 नवंबर को मिड टर्म चुनाव होने जा रहे हैं। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के 12 वफादार उम्मीदवारों ने अभी से ऐलान कर दिया है। यदि वह चुनाव हारे तो वह परिणाम स्वीकार नहीं करेंगे। इन उम्मीदवारों को गवर्नर पद के चुनाव के लिए पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप नेचुनाव मैदान में उतारा है। ट्रंप के समर्थकों का आरोप है, सत्तारूढ़ डेमोक्रेटिक पार्टी उन्हें हराने के लिए गिनती में धांधली करेगी। ऐसी स्थिति में वह चुनाव परिणाम को स्वीकार नहीं करेंगे। उल्लेखनीय है, रिपब्लिकन पार्टी की ओर से गवर्नर पद के लिए मैदान में उतरे नार्थ कैरोलिना, अलास्का, ओहायो, मिशीगन, मैसाचुसेट्स, कैलिफोर्निया और टेक्सास के के उम्मीदवारों ने अभी से व्यवस्था को नकारना शुरू कर दिया है। अमेरिकी मिड टर्म इलेक्शन के लिए 50 में से 35 गवर्नर और हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव की 435 सीटों के लिए मतदान हो रहा है।

मैक्सिको में एक ही तारीख पर तीसरी बार भूकंप आने से दहशत में लोग, 7.5 मापी गई तीव्रता

मैक्सिको सिटी (ईएमएस)। मैक्सिको में प्रशांत महासागर के तट पर सोमवार देर रात 7.5 तीव्रता का भूकंप आया। दो विनाशकारी भूकंपों की बरसी पर एक और शक्तिशाली भूकंप ने लोगों को बहुत ज्यादा डरा दिया है। अमेरिकी भूगर्भ सर्वेक्षण विभाग के मुताबिक, यह भूकंप स्थानीय समय के अनुसार, दोपहर एक बजकर पांच मिनट पर आया। इस दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई, कई इमारतों को नुकसान पहुंचा और बड़े इलाके की बिजली गुल हो गई। मेक्सिको में 1985 और 2017 में भी इसी दिन यानी 19 सितंबर) भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। 19 सितंबर 1985 में आए भूकंप की रिक्टर स्केल पर तीव्रता 8 मापी गई थी। इस भूकंप से कम से कम 5000 लोगों की जान गई थी। 19 सितंबर 2017 को आए भूकंप की तीव्रता 7.1 मापी गई थी और इसमें 370 लोगों की मौत हुई थी। मैक्सिको की सरकार ने बताया कि प्रशांत महासागर के किनारे बसे मंजानिलो में एक डिपार्टमेंटल स्टोर की छत गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। अधिकारियों ने पश्चिमी राज्य मिचोआकन में भूकंप के केंद्र के पास कई अस्पतालों को भी नुकसान पहुंचने की सूचना दी। सरकार ने कहा कि एक अस्पताल में कांच गिरने से एक व्यक्ति घायल हो गया। दोपहर 1 बजे के तुरंत बाद 7.6 तीव्रता का भूकंप आया। यूएस जियोलॉजिकल सर्वे ने कहा कि इसका केंद्र पश्चिमी तट के पास और कोलिमा राज्य के साथ मिचोआकन सीमा के करीब था। भूकंप का केंद्र बाकी के अपेक्षा में काफी उथला था। इसकी गहराई केवल 15 किमी थी, जिससे इसका प्रभाव काफी उभर कर सामने आया। यूएस पैसिफिक सुनामी वार्निंग सेंटर ने मैक्सिको के तट के कुछ हिस्सों के लिए सुनामी की चेतावनी जारी करते हुए कहा कि लहरें ज्वार के स्तर से 1 से 3 मीटर (3 से 9 फीट) ऊपर तक पहुंच सकती हैं। मैक्सिको सिटी की मेयर क्लाउडिया शीनबाम ने कहा कि राजधानी में भूकंप के बाद किसी बड़े नुकसान की तत्काल कोई रिपोर्ट नहीं है। नेशनल ऑटोनॉमस यूनिवर्सिटी ऑफ मैक्सिको (यूएनएएम) ने कहा कि एक ही दिन में तीन प्रमुख भूकंपों के लिए कोई वैज्ञानिक स्पष्टीकरण नहीं है। यह सिर्फ शुद्ध संयोग है।

जयशंकर की लैटिन अमेरिकी, कैरेबियाई समूह के साथ कूटनीतिक चर्चा, आर्थिक सुधारों पर सहमति

न्यूयॉर्क, (हि.स.)। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के उच्च स्तरीय सत्र से पहले अनेक द्विपक्षीय और बहुपक्षीय बैठक कीं। जयशंकर ने भारत-सीईएलएसी बैठक के साथ इसकी शुरूआत की। जयशंकर ने अपनी कूटनीति बैठक लैटिन अमेरिकी और कैरेबियाई समूह (सीईएलएसी) के प्रमुखों के साथ की। इसके साथ ही सात विदेश मंत्रियों के साथ बैठक की। भारत-

सीईएलएसी बैठक के बाद जारी एक बयान में कहा गया है कि दोनों पक्षों ने भारत-सीईएलएसी मंच को पुनर्जीवित करने पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने लैटिन अमेरिकी देशों के साथ भारत के बढ़ते जुड़ाव पर प्रसन्नता व्यक्त की और भारत-सीईएलएसी संबंधों के पूरे स्पेक्ट्रम की समीक्षा की। उन्होंने आपसी हितों के क्षेत्रीय और बहुपक्षीय मुद्दों पर भी चर्चा की। दोनों पक्षों ने संयुक्त राष्ट्र और अन्य बहुपक्षीय निकायों में अपने सहयोग को स्वीकार किया और संयुक्त राष्ट्र के सुधारों और जलवायु परिवर्तन सहित वैश्विक मुद्दों पर मिलकर काम करने पर सहमत हुए। एस जयशंकर सबसे पहले अर्जेंटीना के विदेश मंत्री सैंटियागो कैफिएरो, जो लैटिन अमेरिकी और कैरेबियाई राज्यों के समुदाय के अस्थायी अध्यक्ष हैं, के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने भारत-सीईएलएसी सहयोग की समीक्षा की। भारत के विदेश मंत्रालय के अनुसार, बैठक में व्यापार, वाणिज्य, कृषि, खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा, स्वास्थ्य, वैक्सीन उत्पादन और रसद पर कोविड महामारी आर्थिक सुधार पर मिलकर काम करने पर सहमति जताई गई। इसके अलावा बैठक में ग्वाटेमाला के विदेश मंत्री मारियो एडोल्फो बुकारो फ्लोर्स और त्रिनिदाद और टोबैगो के अमेरी ब्राउन और कोलंबिया के बहुपक्षीय मामलों के उप मंत्री लौरा गिल सावस्तानो मौजूद रहे। जयशंकर ने ट्वीट में उनके विचारों के लिए धन्यवाद दिया है और कहा कि हम एक साथ आगे बढ़ेंगे। एक ऐसे क्षेत्र में जहां भारत ने अपनी कूटनीति को बढ़ावा दिया है। त्रिनिदाद और टोबैगो के विदेश मंत्री ब्राउन के साथ बैठक के बाद जयशंकर ने कहा कि यह हमारे 60 साल के राजनयिक संबंधों का उत्सव है। हम पारंपरिक रूप से मजबूत सहयोग को और मजबूत करने के लिए तत्पर हैं। एस जयशंकर ने अल्बानिया के विदेश मंत्री ओल्टा जहाका और माल्टा के विदेश मंत्री इयान बोर्ग से भी मुलाकात की। इयान बोर्ग के साथ बैठक के दौरान, जयशंकर ने यूएनएससी के लिए उनके चुनाव पर उन्हें बधाई दी और संयुक्त राष्ट्र और राष्ट्रमंडल में सहयोग को प्रगाढ़ बनाने पर भी सहमति जताई। बैठक के बाद जयशंकर ने ट्वीट कर कहा कि यूक्रेन और ऊर्जा सुरक्षा पर विचारों का आदान-प्रदान किया। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में हमारे घनिष्ठ सहयोग की सराहना की और हमारे द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा हुई। विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने मिस्र के विदेश मंत्री समेह शौरी से भी मुलाकात की। मुलाकात के बाद जयशंकर ने ट्वीट किया, संयुक्त महासभा से इतर मिस्र के विदेश मंत्री समेह शौरी से मिलकर अच्छा लगा। रक्षा, व्यापार और निवेश के क्षेत्रों में हमारे द्विपक्षीय संबंध मजबूती से बढ़ रहे हैं। हरित हाइड्रोजन और अमोनिया, शिक्षा क्षेत्र जैसी नई पहल में सहयोग और बढ़ावा देने पर सहमति बनी। इंडोनेशिया के बाली में नवंबर में होने वाली जी20 शिखर सम्मेलन से पहले, जयशंकर ने अमेरिकी यात्रा के दौरान इंडोनेशियाई विदेश मंत्री रेटनो मासुर्डी से मुलाकात की। इसके बाद एस जयशंकर ने क्यूबा के विदेश मंत्री ब्रूनो रोड्रिग्ज पैरिला से मुलाकात की। भारतीय विदेश मंत्रालय के अनुसार, जयशंकर 18 से 24 सितंबर तक न्यूयॉर्क में रहेंगे। वह 25 से 28 सितंबर तक वाशिंगटन डीसी का दौरा करेंगे। जयशंकर संयुक्त राष्ट्र महासभा सत्र में हिस्सा लेने के लिए रविवार को न्यूयॉर्क पहुंचे। 20 सितंबर से शुरू हो रहे महासभा के सत्र को जयशंकर 24 सितंबर को संबोधित करेंगे।

अंतरिक्ष में रिकॉर्ड 437 दिन बिताने वाले रूसी अंतरिक्ष यात्री पोल्याकोव का निधन

मॉस्को, (हि.स.)। अंतरिक्ष में रिकॉर्ड 437 दिन बिताने वाले रूसी अंतरिक्ष यात्री डॉ. वलेरी पोल्याकोव का निधन हो गया है। वे 80 साल के थे। रूस की अंतरिक्ष एजेंसी रोसकॉस्मॉस ने डॉ. वलेरी पोल्याकोव के निधन की घोषणा की है। पोल्याकोव 8 जनवरी 1994 को अंतरिक्ष यात्रा पर गए थे। अंतरिक्ष में 437 दिन 17 घंटे 38 मिनट बिताने के बाद 22 मार्च 1995 को वापस आए थे। इस दौरान 7075 बार धरती के चक्कर लगाए और लगभग 19 करोड़ मील अंतरिक्ष यात्रा की। अंतरिक्ष में रह कर वे यह जानने की कोशिश कर रहे थे कि यदि किसी को मंगल ग्रह की लंबी यात्रा करनी पड़े तो ऐसा करने वाले लोग अपना मानसिक स्वास्थ्य बरकरार रख सकते हैं या नहीं। इस दौरान हुए परीक्षणों से पता चला कि साढ़े चौदह महीनों के उनके इस अभियान के बावजूद उनके काम करने के तौर-तरीकों में कोई बदलाव नहीं हुआ था। रूसी अंतरिक्ष एजेंसी रोस्कॉस्मॉस ने उनकी मृत्यु की जानकारी देते हुए सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि उन्हें हीरो ऑफ सोवियत यूनियन और पायलट कॉस्मोनॉट ऑफ यूएसएसआर जैसी मानद उपाधियों से सम्मानित किया गया था। उनके शोध से यह बात स्पष्ट हुई थी कि मानव शरीर दूर अंतरिक्ष में भी तमाम दुश्वारियों का सामना करने में सक्षम है।

ईरान में हिजाब के विरोध में प्रदर्शन, पुलिस से झड़प, पांच की मौत

तेहरान, (हि.स.)। ईरान में हिजाब न पहनने पर पुलिस हिरासत में महिला की मौत से तूफान खड़ा हो गया है। 22 वर्षीय कुर्दिश महिला माहसा अमीनी की मौत के विरोध में ईरान में बड़े पैमाने पर प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। कई जगह इन प्रदर्शनों ने हिंसक रूप ले लिया है। इस दौरान दीवानदारेह शहर में पांच लोग मारे गए। यह ईरान के कुर्द क्षेत्र का वह हिस्सा है, जहां सबसे ज्यादा विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। इस बीच ईरान की महिला प्रदर्शनकारियों ने बाल कटवाकर हिजाब फूंक दिए। महिलाएं पर्दे में रहने के कठोर नियम का विरोध कर रही हैं। ईरान की न्यायपालिका ने महिला की मौत की जांच शुरू कर दी है। ईरान में महिलाओं के लिए हिजाब पहना अनिवार्य है। सरकारी टेलीविजन की रिपोर्ट में मौतों की पुष्टि तो नहीं की गई है लेकिन खबरों में कई प्रदर्शनकारियों की गिरफ्तारी की बात कही गई है। उल्लेखनीय है कि हिजाब नहीं पहने होने के कारण मोरलिटी पुलिस ने शुक्रवार को परिवार के साथ तेहरान घूमने आई अमीनी को हिरासत में लिया था और थाने में उसकी मौत हो गई थी। पुलिस का दावा है कि हार्ट अटैक से उसकी मौत हुई, लेकिन परिवार ने शारीरिक प्रताड़ना का आरोप लगाया है। अमीनी की मौत का बड़े पैमाने पर विरोध हो रहा है। शनिवार को साकेज में उसके जनाजे में शामिल लोगों ने प्रदर्शन किए। ईरान की पत्रकार मासिह अलिनेजाद ने इंटरनेट मीडिया पोस्ट में महिलाओं के बाल कटवाने का वीडियो पोस्ट किया है। एक दिन पहले कुर्दिश शहर सानांदाज के आजादी चौराहे पर अमीनी की मौत का विरोध कर रहे सैकड़ों प्रदर्शनकारियों पर पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे। प्रदर्शनकारी महिलाओं एवं पुरुषों ने कार के शीशे तोड़ दिए औरआग लगा दी।

जापान में नानमाडोल तूफान ने मचाई तबाही, लाखों लोग बेघर, 3,50,000 घरों की बिजली गुल

टोक्यो, (हि.स.)। जापान में आए नानमाडोल तूफान की वजह से दो लोगों की मौत हो गई और लाखों लोगों को बेघर होना पड़ा। नानमाडोल तूफान के कारण वहां के हालात बदतर हैं। रिपोर्ट के मुताबिक फुकुओका प्रान्त में एक व्यक्ति की मौत हो गई। मियाजाकी प्रान्त में एक बाढ़ग्रस्त खेत में डूबी एक कार से निकाले जाने के बाद एक अन्य व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया गया। साल का 14वां तूफान सोमवार दोपहर यामागुची प्रान्त के हागी के पास तेज रफ्तार से आगे बढ़ रहा है जिससे तेज हवाएं और बारिश भी साथ हो रही है। जानकारी के मुताबिक खराब मौसम के बीच 70 से अधिक लोग घायल हो गए। सोमवार को क्यूशू में बुलेट ट्रेनों को निलंबित कर दिया गया और देश की दो प्रमुख एयरलाइंस एएनए और जापान एयरलाइंस ने 600 उड़ानें रद्द कर दीं। जापान के मौसम विज्ञान एजेंसी के मुताबिक तेज हवा, उच्च ज्वार और मडस्लाइड के लिए चेतावनी जारी करने के साथ तूफान के मंगलवार तक जापान के सबसे बड़े द्वीप, होंशू में पहुंचने की उम्मीद है। रविवार रात हजारों लोगों ने आपातकालीन आश्रयों में बिताई और लगभग 350,000 घरों में बिजली नहीं थी। प्रधान मंत्री फुमियो किशिदा ने न्यूयॉर्क की यात्रा में देरी कर दी है, जहां वह तूफान के प्रभाव की निगरानी के लिए मंगलवार तक संयुक्त राष्ट्र महासभा में भाषण देने वाले हैं। जापान के मौसम विभाग ने कोगोशिमा क्षेत्र में बसे लोगों के लिए चेतावनी जारी की थी। यह चेतावनी तब आई जब मौसम विभाग ने दशकों बाद इस तरह का अलर्ट जारी किया। ओकिनावा क्षेत्र के बाहर यह पहला तूफान है जिसके लिए खास तरह से चेतावनी जारी हुई है। साल 2013 के बाद से ऐसी स्थिति इस ओकिनावा के बाहर देखी गई है। जापान में हर साल देश में करीब 20 तूफान आते हैं। इनकी वजह से भारी बारिश की वजह से भूस्खलन और बाढ़ आम बात हो गई है।

आज का इतिहास 21 सितम्बर

1529 तुर्की के सुलेमान प्रथम ने विएना की नाकेबंदी की.
1790 जनरल मीडोज के नेतृत्व में ब्रिटिश फौजों ने पालघाट पर कब्जा किया.
1802 फ्रांस के नेपोलियन बोनापार्ट पाइर्मो पर अधिकार कर लिया.
1857 दिल्ली के शासक बहादुरशाह द्वितीय ने अंग्रेजों के आगे समर्पण किया.
1866 अंग्रेजी भाषा के लेखक एच. जी. वेल्स का जन्म.
1933 श्रीमती एनी बेसेन्ट का निधन.
1949 पश्चिम जर्मनी अस्तित्व में आया.
1949 चीन जनवादी गणराज्य बना.
1964 माल्टा स्वतंत्र हुआ.
1966 मिहिर सेन ने बास्पोरस चैनल तैर कर पार किया.
1970 फलीस्तीनी छापामारों ने जार्डन के दूसरे सबसे बड़े शहर इर्बिड पर कब्जा कर लिया.
1985 मैक्सिकों के चार राज्यों में भूकंप से दो हजार से अधिक लोग मारे गए.
1988 बर्मा में जनरल मांग प्रधानमंत्री बने.
1989 श्रृंगेरी शारदा मठ के आध्यातमिक जगतगुरु अभिनव विद्या तीर्थ स्वामी का निधन.
1990 ताइवान में इस सदी का सबसे जबरदस्त और विनाशकारी भूकंप, 2013 से अधिक लोगों की मृत्यु व 4000 से अधिक घायल.
1994 उद्योगपति रामकृष्ण बजाजा का निधन.
2001 भारत के पहले स्वदेश निर्मित पोत से पोत पर प्रहार करने वाले प्रक्षेपास्त्र धनुष का सफल परीक्षण.

मेक्सिको में आया 7.6 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप, एक की मौत, सुनामी की आशंका

मेक्सिको सिटी, (हि.स.)। पश्चिमी मेक्सिको में सोमवार को रिएक्टर स्केल पर 7.6 तीव्रता का एक शक्तिशाली भूकंप आया, जिसमें एक व्यक्ति की मौत होने के साथ ही इमारतों को नुकसान पहुंचा है। यह भूकंप पूर्व में आए दो विनाशकारी भूकंपों की बरसी पर आया है। विशेषज्ञों ने सुनामी की आशंका जताई है। भूकंप आने के बाद बिजली गुल हो गई और मेक्सिको सिटी के निवासियों को सुरक्षा के लिए घरों से निकल सड़कों पर आ गए। राष्ट्रपति एंड्रेस मैनुअल लोपेज ओब्रेडोर ने अपने संदेश में कहा है कि एक स्टोर में दीवार गिरने से प्रशांत बंदरगाह मंजानिलो में एक व्यक्ति की मौत हो गई। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार यह भूकंप मिचोआकन और कोलिमा राज्यों के सीमावर्ती क्षेत्र में तट के पास लगभग 15 किमी की गहराई पर 7.6 तीव्रता का भूकंप आया। मेक्सिको सिटी की मेयर क्लाउडिया शीनबाम ने कहा कि राजधानी में भूकंप के झटके के बाद तत्काल नुकसान की कोई रिपोर्ट नहीं है। यह भूकंप मैक्सिको 1985 और 2017 में देश में आये बड़े भूकंप के दिन आया है। शहर के कुआउटेमोक बोरो के व्यवसायिक अर्नेस्टो लैंजेटा ने कहा कि 19वां दिन डरने का दिन है। मौत की घोषणा करने से पहले एक संदेश में लोपेज ओब्रेडोर ने कहा कि भूकंप के केंद्र के पास के इलाकों में नुकसान हुआ है। सोशल मीडिया पर आ रही फोटों में इमारतों को बुरी तरह क्षतिग्रस्त दिखाया गया है। भूकंप के केंद्र से करीब 400 किमी (250 मील) दूर राजधानी के मध्य रोमा इलाके के कुछ हिस्सों में बिजली गुल हो गई। पालतू जानवरों को पालने वाले स्थानीय निवासी सड़क पर खड़े थे, जबकि स्थानीय गाइड के साथ स्थानीय बाजार में आने वाले पर्यटक उहापोह की स्थिति में दिखे।

खुद को चोट पहुंचाने के लिए 66 साल की महिला ने निगली घड़ी में लगने वाली 55 बैटरियां

डब्लिन (ईएमएस)। आयरलैंड के डबलिन में एक 66 साल की महिला ने खुद को तकलीफ पहुंचाने के लिए 55 बैटरियां निगल लीं। कुछ दिनों बाद जब पेट में दर्द हुआ तो उन्हें डाक्टर के पास ले जाया गया। एक्सरे करने के बाद पता चला कि पेट में बड़ी संख्या में बैटरियां भरी हुई हैं। महिला के पेट से बैट्री निकालने में डॉक्टरों के पसीने छूट गए। महिला का उपचार करने वाले सेंट विनसेंट यूनिवर्सिटी अस्पताल में जब एक महिला पेट दर्द की शि-ाकायत लेकर पहुंची तो डॉक्टरों ने सबसे पहले उसका एक्स-रे किया। इसकी जांच में डाक्टरों ने पाया कि पेट में ढेरों बैटरियां फंसी हुई हैं। गनीमत यह थी कि उन बैटरियों की वजह से आंत का रास्ता ब्लॉक नहीं हुआ था। डॉक्टरों ने पेट की जांच कर पाया कि मल के रास्ते बैटरियां बाहर निकल जाएंगी। महिला ने 3 एए पावर वाली बैटरी को पहले हफ्ते में मल के रास्ते निकाल दिया मगर बाकी पेट में ही फंसी रह गईं। जब पेट में दर्द ज्यादा बढ़ गया तो डॉक्टरों ने बैटरीज को सर्जरी के जरिए निकालने का फैसला किया। डॉक्टरों ने 46 बैटरियों को ऑपरेशन की मदद से बाहर निकाला। इस तरह महिला के पेट से कुल 55 एए और एएए बैटरियां निकाली गई। आयरिश मेडिकल जर्नल में छपी रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इतनी बड़ी संख्या में बैटरी निगलने की यह पहली घटना है।

यूक्रेन के कुपिनास्क शहर में खड़ी क्षतिग्रस्त कारें। यह शहर हाल ही में यूक्रेनी सेना ने रुसी सेना से आजाद कराया है। (फोटो-ईएमएस)

DELHI CRIME 21 sep 2022:Layout 1 9/20/2022 7:06 PM Page 5

सेमीकंडक्टर चिप उत्पादन में चीन का वर्चस्व खत्म होगा, भारत बढ़ाएगा उत्पादन

नई दिल्ली (ईएमएस)। वाहनों में लगने वाली सेमीकंडक्टर चिप के कारोबार में अब चीन का एकाधिकार खत्म होता दिख रहा है। एक तरफ जहां चीन में चिप निर्माण तेजी से घट रहा है, वहीं भारत और अमेरिका अपना घरेलू उत्पादन तेजी से बढ़ा रहे हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, चीन में कोरोना प्रतिबंधों और डिमांड में कमजोरी की वजह से अगस्त महीने में चिप निर्माण में अब तक की सबसे बड़ी मासिक गिरावट देखने को मिली है। रिपोर्ट के अनुसार, इंटेग्रेटेड सर्किट (आईसीएस) का उत्पादन साल दर साल 24.7 प्रतिशत घटकर 24.7 अरब यूनिट रह गया, जो 1997 के बाद से एक महीने में सबसे बड़ी गिरावट है। चिप निर्माण में गिरावट का यह लगातार दूसरा महीना भी है। जुलाई में उत्पादन 16.6 प्रतिशत घटकर 27.2 अरब इकाई रह गया था। यानी 25 साल बाद चीन के चिप उत्पादन में बड़ी गिरावट देखने को मिल रही है। वहीं, दूसरी तरफ भारत और अमेरिका ने अपना घरेलू उत्पादन लगभग दोगुना कर लिया है। अगस्त



में माइक्रो कंप्यूटर का स्थानीय उत्पादन 18.6 फीसदी गिरकर 317.5 अरब यूनिट रह गया। रिपोर्ट के अनुसार अगस्त में घरेलू विनिर्माण गतिविधि तीन महीनों में पहली बार सिकुड़ गई हैं। बिजनेस डेटाबेस प्लेटफॉर्म किचाचा के आंकड़ों के मुताबिक रिकॉर्ड 3,470 चिप बनाने वाली कंपनियां साल के पहले आठ महीनों में कारोबार से बाहर हो गईं। चीन में चिप उत्पादन में मंदी आ रही है, क्योंकि भारत और अमेरिका दोनों स्थानीय चिप निर्माण को बढ़ावा देने के प्रयास कर रहे हैं। सेमीकंडक्टर निर्माण के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए 1.54 लाख करोड़ रुपये के निवेश का लक्ष्य रखते हुए गुजरात सरकार ने वेदांता और फॉक्सकॉन के साथ साझेदारी की है। भारत के सेमीकंडक्टर कम्पोनेंट मार्केट का 2026 तक कुल रेवेन्यू के मामले में 300 अरब डॉलर तक पहुंचने की संभावना है। इंडिया इलेक्ट्रॉनिक्स एंड सेमीकंडक्टर एसोसिएशन (आईईएसए) और काउंटरपॉइंट रिसर्च के मुताबिक, मेक इन इंडिया और उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाएं स्थानीय प्रोडक्शन को तेजी से बढ़ावा देंगी। भारत सरकार ने अपनी पीएलआई योजना के तहत सेमीकंडक्टर और डिस्प्ले मैन्युफैक्चरिंग इलेक्ट्रॉनिक्स इकोसिस्टम के विकास के लिए अलग से 76,000 करोड़ रुपये (करीब 10 अरब डॉलर) के खर्च की घोषणा की है। वहीं अमेरिका भी चिप प्रोडक्शन में तेजी से काम कर रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने चिप से जुड़े एक नए प्रस्ताव पर साइन किए हैं जो सेमीकंडक्टर उत्पादन प्रोत्साहन के लिए लगभग 52 अरब डॉलर खर्च करने के प्रस्ताव को मंजूरी देता है। इंटेल ने अमेरिका के ओहायो राज्य में 20 अरब डॉलर के नए सेमीकंडक्टर प्लांट पर काम शुरू कर दिया है। सैमसंग ने अगले दो दशकों में अमेरिका में 11 और चिप प्लांट बनाने के लिए करीब 200 अरब डॉलर का निवेश करने का प्रस्ताव रखा है।

महारत्न कंपनी गेल ने 20 सालों में बनाए 1 लाख रुपए के बनाए 92 लाख

नई दिल्ली (ईएमएस)। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी गेल इंडिया के शेयरों ने पिछले 20 सालों में निवेशकों को 5 बार बोनस शेयर दिए हैं। अगर किसी ने सरकारी कंपनी के शेयरों में 20 साल पहले 1 लाख रुपए लगाए होते और अपने निवेश को बनाए रखा होता आज यह पैसा 90 लाख रुपये से ज्यादा हो गया होता। गेल इंडिया को महारत्न का दर्जा मिला हुआ है। गेल इंडिया के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 115.67 रुपए है। गेल इंडिया के शेयर 13 सितंबर 2002 को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) में 7.92 रुपये के स्तर पर थे। अगर किसी व्यक्ति ने 13 सितंबर 2002 को गेल इंडिया के शेयरों में 1 लाख रुपये लगाए होते तो उसे 12626 शेयर मिलते। महारत्न कंपनी ने तब से लेकर अभी तक अपने निवेशकों को 5

बार बोनस शेयर दिए हैं। अगर 1 लाख रुपए के निवेश को बनाए रखा होता तो मौजूदा समय में उस व्यक्ति के पास बोनस शेयर मिलने के बाद कुल 101007 शेयर होते। गेल इंडिया के शेयर सोमवार को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में 91.35 रुपए के स्तर पर ट्रेड कर रहे हैं। ऐसे में कुल पैसा 92126 लाख रुपए होता। गेल इंडिया ने पिछले 20 साल में 5 बार बोनस शेयर दिए हैं। गेल इंडिया ने अक्टूबर 2008 में 1:2 के रेशियो में बोनस शेयर दिया था। इसके बाद कंपनी ने मार्च 2017 में 1:3 के रेशियो में बोनस शेयर दिए। इसके बाद, कंपनी ने मार्च 2018 में 1:3 के रेशियो में निवेशकों को बोनस शेयर का तोहफा दिया। गेल इंडिया ने जुलाई 2019 को 1:1 के रेशियो में बोनस शेयर दिया। यानी, कंपनी ने हर 1 शेयर पर 1 बोनस शेयर दिया। सरकारी कंपनी ने हाल में 1:2 के रेशियो में बोनस शेयर दिया है।

एफएससीएल ने संपत्ति बिक्री की योजना टाली

नई दिल्ली (ईएमएस)। फ्यूचर सप्लाई चेन लिमिटेड (एफएससीएल) ने अन्य जरूरी मंजूरियां मिलने में देरी के कारण कंपनी की संपत्तियां बेचने की योजना अभी स्थगित कर दी है। एफएससीएल ने एक नियामकीय सूचना में कहा कि अन्य आवश्यक मंजूरियां मिलने में देरी की वजह से कंपनी के निदेशक मंडल ने संपत्तियां बेचने का प्रस्ताव रद्द कर दिया है। कंपनी कारोबारी परिचालन के पुनर्वासह्न के लिए अन्य संभावित अवसरों पर गौर करेगी और उसके सामने आने वाली विभिन्न चुनौतियों का समाधान करेगी और कुछ तय होने के बाद एक्सचेंजों को इसकी

जानकारी देगी। एफएससीएल देश की सबसे बड़ी संगठित तीसरा-पक्ष आपूर्ति श्रृंखला और लॉजिस्टिक सेवाप्रदाता है। एफएससीएल के निदेशक मंडल ने 26 जुलाई, 2022 को कंपनी की कुछ संपत्तियों को बेचने की मंजूरी दी थी। हालांकि, इसके लिए शेयरधारकों और ऋणदाताओं सहित अन्य आवश्यक मंजूरियां ली जानी थीं। एफएससीएल ने 13 सितंबर, 2022 को खुलासा किया था कि उसके शेयरधारकों ईजीएम में संपत्तियों की बिक्री के लिए विशेष प्रस्ताव को पारित कर दिया है। हालांकि, अब बोर्ड ने संपत्ति बिक्री की योजना पर आगे नहीं बढ़ने का फैसला किया है।

पेट्रोल और डीजल कीमतों में कोई बदलाव नहीं

नई दिल्ली (ईएमएस)। वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में पिछले 24 घंटों के दौरान कोई बदलाव नहीं आया है और ब्रेंट क्रूड डब्ल्यूटीआई के भाव स्थिर हैं। सरकारी तेल कंपनियों के अनुसार मंगलवार को भी दिल्ली, मुंबई सहित देश के चारों महानगरों में तेल कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। कच्चे तेल की कीमतों में पिछले 24 घंटे के दौरान मामूली गिरावट आई है। ब्रेंट क्रूड का भाव पिछले 24 घंटे में गिरकर 92.10 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया है, जबकि डब्ल्यूटीआई भी घटकर 86.01 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया है। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए और डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपए और

डीजल 94.24 रुपए प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपए और डीजल 92.76 रुपए प्रति लीटर, नोएडा में पेट्रोल 96.65 रुपए और डीजल 89.82 रुपए प्रति लीटर हो गया है। गाजियाबाद में 96.26 रुपए और डीजल 89.45 रुपए प्रति लीटर हो गया है। लखनऊ में पेट्रोल 96.57 रुपए और डीजल 89.76 रुपए प्रति लीटर हो गया है। पटना में पेट्रोल 107.48 रुपए और डीजल 94.26 रुपए प्रति लीटर हो गया है। पोर्टब्लेयर में पेट्रोल 84.10 रुपए और डीजल 79.74 रुपए प्रति लीटर हो गया है।

जीआई उत्पादों को बढ़ावा देने की योजना बना रहा है डीपीआईआईटी

-मल्टी-मीडिया अभियान के जरिए जीआई उत्पादों को बढ़ावा देने की योजना

सत्यमेव जयते
Department of Industrial Policy and Promotion
Ministry of Commerce and Industry
Government of India

नई दिल्ली, (हि.स)। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय देश में 400 से ज्यादा जीआई (भौगोलिक संकेत) उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए मल्टी-मीडिया अभियान की योजना बना रहा है। इसमें दार्जिलिंग चाय, चंदेरी कपड़े, मैसूर के रेशम और कश्मीर में अखरोट की लकड़ी पर नक्काशी जैसे उत्पाद शामिल हैं। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने मंगलवार को दी गई सूचना में कहा है कि उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) जीआई उत्पादों के लिए नियमित रूप से विभिन्न मल्टी-मीडिया अभियानों, विज्ञापन और प्रचार सामग्री के जरिए अभियान चला रहा है। डीपीआईआईटी इस अभियान के जरिए 400 से ज्यादा जीआई उत्पादों को बढ़ावा दिया जाएगा। मंत्रालय के मुताबिक डीपीआईआईटी जीआई प्रचार अभियान के लिए प्रतिष्ठित ऑडियो-विजुअल एजेंसियों को सूचीबद्ध करने पर विचार कर रहा है। इस पैनल में शामिल होने वाली एजेंसियों के पास निर्माण, प्रायोजित श्रृव्य-दृश्य कार्यक्रम और छोटो वीडियो बनाने का अनुभव होना चाहिए। डीपीआईआईटी के इस अभियान से जीआई उत्पादकों के लिए रोजगार के मौके बढ़ेंगे और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। उल्लेखनीय है कि जीआई एक संकेत है। यह उन उत्पादों के लिए उपयोग किया जाता है, जिनकी एक विशिष्ट भौगोलिक उत्पत्ति होती है। इसमें उस क्षेत्र की विशेषताओं के गुण और प्रतिष्ठा भी पाई जाती है। हालांकि एक संरक्षित भौगोलिक संकेत धारक, किसी और व्यक्ति को उसी तकनीक से इसी उत्पाद को बनाने से नहीं रोक सकता है।

मर्सिडीज बेंज ने तैयार की अपनी पहली इलेक्ट्रॉनिक कार

- कार को 30 सितंबर को किया जाएगा लॉन्च

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारत में मर्सिडीज बेंज कंपनी ने अपनी पहली इलेक्ट्रॉनिक कार को तैयार किया है। इस इलेक्ट्रिक कार को कंपनी 30 सितंबर को लॉन्च करने जा रही है। इस कार को ईक्यूएस 580 4 मैटिक के नाम से जाना जाएगा और इसको चाकन प्लांट में तैयार किया गया है जो पुणे के पास स्थित है। अभी गाड़ी की सही कीमत के बारे में कोई जानकारी कंपनी ने नहीं दी है लेकिन ये माना जा रहा है कि कार सुपर लग्जरी सेग्मेंट में होगी और इसकी कीमत भी काफी ज्यादा रहेगी। जानकारी के अनुसार कार का निर्माण मर्सिडीज की डेडिकेटेड इलेक्ट्रिक व्हीकल आर्किटेक्चर पर किया गया है। ये कार एक्सटीरियर और इंटीरियर के लुक्स में काफी कुछ एएमजी ट्विन के समान है। स्पोर्टी लुक के लिए गाड़ी में शार्प एलईडी हैडलैंप को एक यूनिट में ही दिया गया है। साथ ही फ्रंट में इसमें

ब्लैक ग्रिल है जो इसके लुक को और ज्यादा एन्हेंस करते हैं। साथ ही फ्रेमलेस डोर, फ्लश डोर हैंडल और 19-इंच के अलॉय व्हील इसको सभी से अलग खड़ा करते हैं. ईक्यूएस 580 को लेकर कंपनी ने बड़ा दावा किया है। मर्सिडीज के अनुसार कार सिंगल चार्ज पर 750 किमी से ज्यादा चलेगी। इस-की मोटर की बात की जाए तो ये एक फ्यूल मोटर सेटअप होगा और हर एक्सल पर एक मोटर मिलेगी जो इसको जबर्दस्त पावर देगी। इसमें 107.8 केडब्ल्यूएच लिथियम-ऑयन बैटरी पैक मिलेगा जिससे 523 बीएचपी की पावर और 856 एनएम का टॉर्क जनरेट होगा. इस कार को कंपनी ने पहली बार 2021 में पेश किया था। वहीं कहा जा रहा है कि इलेक्ट्रिक कार्स की तरफ शिफ्ट होने को लेकर ये मर्सिडीज का मुख्य मॉडल है। मर्सिडीज का पूरा ध्यान अब इंडियन ईवी मार्केट पर है।

अल्फा ऑल्टरनेटिव्स ने 130 करोड़ जुटाए

मुंबई (ईएमएस)। परिसंपत्ति प्रबंधन मंच अल्फा ऑल्टरनेटिव्स ने कुछ समृद्ध लोगों एवं परिवारों के कार्यालयों से 130 करोड़ रुपए की इक्विटी पूंजी जुटाई है। फर्म के वरिष्ठ भागीदार ऋषिकेश परंदेकर ने कहा कि इसके साथ ही पिछले दो साल में वह कुल 240 करोड़ रुपए की इक्विटी पूंजी जुटा चुकी है। वर्ष 2013 में स्थापित अल्फा ऑल्टरनेटिव्स ने अगस्त, 2020 में संपन्न वित्तपोषण के पहले दौर में 110 करोड़ रुपए जुटाए थे। यह कंपनी फिलहाल करीब 5,500 करोड़ रुपए की परिसंपत्तियों का प्रबंधन कर रही है। परंदेकर ने यह भी कहा कि कंपनी जल्द ही रियल एस्टेट कारोबार में कदम रखने की योजना बना रही है।

नई ब्रेजा ने टाटा नेक्सॉन की बादशाहत की खत्म

-लांच होते ही छा गई 8 लाख रुपये से सस्ती मारुति की एसयूवी

नई दिल्ली (ईएमएस)। नई मारुति सुजुकी ब्रेजा और 2022 ह्यूदै वेन्यू ने इस साल नए अवतार में मार्केट में एंट्री की। टाटा नेक्सॉन जुलाई 2022 तक लगातार 8 महीने भारत की सबसे ज्यादा बिकने वाली एसयूवी रही। अगस्त 2022 में यह सूरत बदल गई और नई ब्रेजा ने टाटा नेक्सॉन की बादशाहत खत्म कर बेस्ट सेलिंग एसयूवी का खिताब अपने नाम कर किया। दूसरे नंबर पर टाटा नेक्सॉन रही। इसके बाद ह्यूदै वेन्यू फेसलिफ्ट, किआ सॉनेट और महिंद्रा एक्सयूवी300 जैसी कारों ने टॉप 10 में जगह बनाई.अगस्त 2022 एसयूवी सेल्स रिपोर्ट देखें तो पहले नंबर पर रही मारुति सुजुकी ब्रेजा की कुल 15193 यूनिट बिकी और यह इंडिया की नंबर एसयूवी बन गई। इसके बाद दूसरे नंबर पर टाटा नेक्सॉन रही,

जिसकी कुल 15085 यूनिट बिकी और तीसरे नंबर पर जगह बनाई ह्यूदै वेन्यू ने, जिसकी कुल 11240 यूनिट सेल हुई। चौथी बेस्ट सेलिंग एसयूवी किआ सॉनेट रही और इस कार की टोटल 7838 यूनिट बिकी। 5वीं बेस्ट सेलिंग एसयूवी महिंद्रा एक्सयूवी300 रही और इसकी टोटल 4322 यूनिट बिकी। रेनो काइगर आठवें स्थान पर जगह बनाने में कामयाब रही और इस कार की 2641 यूनिट बीते अगस्त में बिकी है। भारत में बिकने वाली टॉप 10 कॉम्पैक्ट एसयूवी की बात करें तो निसान मैग्नाइट बीते महीने पांचवें नंबर पर जगह बनाने में कामयाब रही। इस कार की कुल 3194 यूनिट सेल हुई हैं। इसके बाद टोयोटा अर्बन क्रूजर एसयूवी रही और इस कार की कुल 3131 यूनिट बिकी।

अल्ट्रोज ईवी साल के अंत तक किया जा सकता लॉन्च

- टाटा सीएनजी और इलेक्ट्रिक कारें करेंगी लॉन्च

नई दिल्ली (ईएमएस)। स्वदेशी कंपनी टाटा मोटर्स आने वाले समय में अपना दबदबा बढ़ाने की प्लानिंग कर रही है। कंपनी पेट्रोल के साथ ही सीएनजी और इलेक्ट्रिक कार सेगमेंट में एक से बढ़कर एक प्रोडक्ट पेश करेगी। जिनमें टाटा नेक्सॉन सीएनजी, पंच इलेक्ट्रिक, टाटा सफारी और हैरियर के पेट्रोल मॉडल और अल्ट्रोज ईवी समेत कई शानदार मॉडल्स शामिल हैं। टाटा मोटर्स की आने वाली इलेक्ट्रिक कारों की बात करें तो टाटा अल्ट्रोज ईवी को इस साल के अंत तक लॉन्च किया जा सकता है। इसके बाद अगले साल पंच इलेक्ट्रिक भी आने की उम्मीद है। माना जा रहा है कि आने वाले कुछ दिनों में टाटा की सबसे सस्ती कार टिएगो भी इलेक्ट्रिक पावरट्रेन के साथ आ सकती है. आपको बता दें कि टाटा मोटर्स ने इस साल अपनी दो अपकमिंग कारों के कॉन्सेप्ट मॉडल्स टाटा कर्व और टाटा अविन्या को शोकेस किया था और प्रीमियम सेगमेंट की ये दोनों

इलेक्ट्रिक एसयूवी साल 2025 तक लॉन्च होने की उम्मीद है। टाटा मोटर्स साल 2027 तक इलेक्ट्रिक कार सेगमेंट में एंट्री लेवल, बजट और मिड रेंज सेगमेंट में एक से बढ़कर एक कारें बाजार में उतारेगी। टाटा मोटर्स ने इस साल अपनी सीएनजी कारों पर दांव खेलना शुरू किया और टिएगो सीएनजी और टिगोर सीएनजी जैसी पॉपुलर कारें मार्केट में उतारी हैं। अब खबर आ रही है कि आने वाले समय में कंपनी अपनी बेस्ट सेलिंग एसयूवी नेक्सॉन को सीएनजी किट के साथ पेश करने की तैयारी में है। इसी के साथ कंपनी अपनी माइक्रो एसयूवी पंच को भी सीएनजी के साथ लाएगी। भारत में देसी कार कंपनियां कई सेगमेंट में काफी अच्छा कर रही हैं और इनमें टाटा मोटर्स भी शामिल है।

दैनिक पंचांग

21 सितम्बर 2022 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति

ग्रह स्थिति		लग्नारंभ समय	
सूर्य	कन्या में	कन्या	05.31 बजे से
चंद्र	कर्क में	तुला	07.46 बजे से
मंगल	वृष में	वृश्चिक	10.01 ब.से
बुध	कन्या में	धनु	12.17 बजे से
गुरु	मीन में	मकर	14.22 बजे से
शुक्र	सिंह में	कुंभ	16.08 बजे से
शनि	मकर में	मीन	17.41 बजे से
राहु	मेष में	मेष	19.12 बजे से
केतु	तुला में	वृष	20.52 बजे से
		मिथुन	22.50 बजे से
		कर्क	01.03 बजे से
		सिंह	03.19 बजे से

राहुकाल 12.00 से 1.30 बजे तक

बुधवार 2022 वर्ष का 264 वां दिन
दिशाशूल उत्तर **ऋतु** शरद।
विक्रम संवत् 2079 **शक संवत्** 1944
मास आश्विन (दक्षिण भारत में भाद्रपद) **पक्ष** कृष्ण
तिथि एकादशी 23.35 बजे को समाप्त।
नक्षत्र पुष्य 23.47 बजे को समाप्त।
योग परिघ 09.12 बजे को समाप्त।
करण बव 10.34 बजे तदनन्तर बालव 23.35 बजे को समाप्त।
चन्द्रायु 24.7 घण्टे
रवि क्रान्ति उत्तर 00° 48'
सूर्य दक्षिणायन
कलि अहर्गण 1871378
जूलियन दिन 2459843.5
कलियुग संवत् 5123
कल्पारंभ संवत् 1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123
वीरनिर्वाण संवत् 2548
हिजरी सन् 1444
महीना सफर **तारीख** 24
विशेष इंदिरा एकादशी।

दिन का चौघड़िया				रात का चौघड़िया			
लाभ	05.54	से	07.22 बजे तक	उद्वेग	05.41	से	07.12 बजे तक
अमृत	07.22	से	08.51 बजे तक	शुभ	07.12	से	08.44 बजे तक
काल	08.15	से	10.19 बजे तक	अमृत	08.44	से	10.16 बजे तक
शुभ	10.19	से	11.47 बजे तक	चर	10.16	से	11.47 बजे तक
रोग	11.47	से	01.16 बजे तक	रोग	11.47	से	01.19 बजे तक
उद्वेग	01.16	से	02.44 बजे तक	काल	01.19	से	02.51 बजे तक
चर	02.44	से	04.12 बजे तक	लाभ	02.51	से	04.23 बजे तक
लाभ	04.12	से	05.41 बजे तक	उद्वेग	04.23	से	05.54 बजे तक

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

आज का राशिफल

शुभ संवत 2079, शाके 1944, सौम्य गोष्ठ, अश्वनि कृष्ण पक्ष, वर्षा शरद ऋतु, गुरु उदय पूर्वे, शुक्रोदय पूर्वे तिथि, एकादशी, बुधवासरे, पुण्य नक्षत्रें, वलयोगे, वव करणे, कर्क कर चंद्रमा, इंद्रा एकादशी व्रत एवं श्राद्ध मूल प्रा.राशि 12.09 जातकर्म, उत्तर दिशा की यात्रा शुभ होगी।

आज जन्म लिए बालक का फल..... .

आज जन्म लिया बालक दार्शनिक, सुंदर, सुशील, कोमल हृदय, दयालु, परोपकारी, कमीशन एजेंट, एमबीए, एमसीए, सीए करने वाला, धनीमानी होगा।

मेष राशि - विघटनकारी तत्वों से क्षतिग्रस्त होने से बचिये, समस्यायें बनी ही रहेंगी।

वृष राशि - कार्य सफलता से संतोष, स्त्री-वर्ग से उल्लास तथा आपकी चिन्तायें कम अवश्य होंगी।

मिथुन राशि - आशानुकूल सफलता मिलेगी, व्यवसायिक क्षमता अनुकूल बनेगी, समय का ध्यान रखें।

कर्क राशि - अशुद्ध गोचर रहने से विशेष कार्य स्थगित रखें, अधिकारियों से तनाव बन सकता है।

सिंह राशि - आर्थिक योजना फलीभूत होगी, विरोधी परेशान करेंगे, कार्य की चिन्ता बनेगी।

कन्या राशि - स्वभाव में अशांति, मानसिक बेचैनी, कार्य तीक्रता के कुछ प्रयास अवश्य सफल होंगे।

तुला राशि - अर्थ व्यवस्था कुछ अनुकूल होगी, सफलता का हर्ष अवश्य ही होगा।

वृश्चिक राशि - इष्ट मित्र सहायक रहेंगे, बड़े-बड़े लोगों से मेल-मिलाप अवश्य ही होगा, कार्य बनेंगे।

धनु राशि - मान-प्रतिष्ठा बालबाल बचे, कार्यवृत्ति में सुधार होगा, रुके कार्य शीघ्र निपटा लें।

मकर राशि - व्यवसाय में व्यग्रता, तनाव, क्लेश से हानि, कार्य स्थगित रखें, समय का ध्यान रखें।

कुंभ राशि - सफलता के साधन जुटायें, धन लाभ, आशानुकूल सफलता का हर्ष होगा ध्यान रखें

मीन राशि - बिगड़े कार्य बनेंगे, योजना फलीभूत होगी तथा इष्ट मित्र सुखवर्धक अवश्य हेंगे।

DELHI CRIME 21 sep 2022:Layout 1 9/20/2022 7:06 PM Page 6

हम एक बार फिर घरेलू प्रशंसकों के सामने खेलने के लिए उत्साहित हैं: मनदीप सिंह

बेंगलुरु, (हि.स.)। भारतीय पुरुष हॉकी टीम आगामी एफआईएच ओडिशा हॉकी पुरुष विश्व कप 2023 के लिए कमर कस रही है, जो अगले साल 13 जनवरी, 2023 से 29 जनवरी, 2023 तक होने वाला है। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का आयोजन भुवनेश्वर और राउरकेला में किया जाएगा व टूर्नामेंट में 16 टीमें भाग लेंगी। टूर्नामेंट के भारत में एक बार फिर लौटने के साथ, भारतीय पुरुष हॉकी टीम के फॉरवर्ड मनदीप सिंह ने कहा कि वह एक बार फिर घरेलू प्रशंसकों के सामने खेलने के लिए उत्साहित हैं। उन्होंने कहा, "जब हमें घरेलू प्रशंसकों के सामने खेलने का मौका मिलता है तो हममें हमेशा उत्साह होता है। भारत में एक बार फिर दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों के खिलाफ प्रदर्शन करने का मौका मिलना एक रोमांचक मामला होगा और इसलिए, हम विश्व कप को लेकर उत्सुक हैं।" वर्तमान में एफआईएच विश्व रैंकिंग में 5वें स्थान पर स्थित भारतीय पुरुष हॉकी टीम को इंग्लैंड, स्पेन और वेल्स के साथ पूल डी में रखा गया है। मनदीप सिंह ने जोर देकर कहा कि एक कठिन समूह में रखे जाने के बावजूद, टीम अपनी क्षमताओं के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को लेकर आश्वस्त हैं। मनदीप ने कहा, "हमारे कोच ग्राहम रीड हमेशा हमें इस बात पर ध्यान केंद्रित करने के लिए कहते हैं कि हम क्या नियंत्रित कर सकते हैं और हमारे नियंत्रण से परे चीजों के बारे में चिंता न करें।

हमारे समूह में चाहे कोई भी टीम हो, हम अपने कौशल के अनुसार खुद को तैयार करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, और इसके अनुसार हमारी योजनाएं होंगी। उन्होंने कहा, "हमें विश्वास है कि अगर हम अपने मूल सिद्धांतों पर टिके रहते हैं और उन क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करते हैं जहां हमें प्रशिक्षण में सुधार करने की आवश्यकता है, तो हम टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करने में सक्षम होंगे।" एफआईएच ओडिशा हॉकी पुरुष विश्व कप 2023 से पहले, भारतीय पुरुष हॉकी टीम 28 अक्टूबर, 2022 से 6 नवंबर, 2022 तक एफआईएच मेन्स हॉकी प्रो लीग 2022/23 के पहले चरण में न्यूजीलैंड और स्पेन के खिलाफ खेलेगी। मनदीप सिंह ने जोर देकर कहा कि एफआईएच प्रो लीग से विश्व कप की तैयारी में मदद करेगी। मनदीप ने कहा, "एक बड़ी प्रतियोगिता से पहले मजबूत टीमों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करना हमेशा अच्छा होता है। एफआईएच मेन्स हॉकी प्रो लीग 2022/23 एक बार फिर विश्व कप के लिए खुद को तैयार करने में मददगार होगी और हमें टूर्नामेंट से पहले खुद को परखने का मौका भी देगी।"

सचिन के 100 अंतरराष्ट्रीय शतकों के रिकॉर्ड को तोड़ सकते हैं कोहली : रिकी पोंटिंग

कैनबरा, (हि.स.)। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि स्टार भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली, दिग्गज सचिन तेंदुलकर के 100 अंतरराष्ट्रीय शतकों के रिकॉर्ड को तोड़ सकते हैं। उन्होंने आईसीसी रिव्यू के ताजा एपिसोड के दौरान कहा, "अगर आपने मुझसे तीन साल पहले यह सवाल पूछा होता, तो मैं हाँ कह देता। लेकिन हाँ, मुझे अभी भी लगता है कि यह उसके लिए संभव है, इसमें कोई संदेह नहीं है। मुझे अब भी लगता है कि वह सचिन के 100 शतक को पार कर जाएगा। लेकिन इसके लिए उन्हें अगले तीन या चार साल तक शायद साल में पांच या छह शतक उन्हें लगाना होगा।" पोंटिंग ने आगे कहा, देखिए, मैं विराट के साथ कभी यह नहीं कहूंगा कि वह साल में चार या पांच शतक नहीं लगा सकता, क्योंकि आप जानते हैं कि एक बार जब वह थोड़ा लय में आ जाता है, तो उसके लिए चीजें आराम दायक हो जाती हैं। वह रनों के लिए भूखा है।" 1,020 दिनों के इंतजार के बाद, विराट कोहली ने हाल ही में संपन्न एशिया कप 2022 में अफगानिस्तान के खिलाफ शतक बनाया। उन्होंने केवल 61 गेंदों पर नाबाद 122 रन बनाए और पोंटिंग के 71 शतक के रिकॉर्ड की बराबरी की। उन्होंने एक महीने के लंबे ब्रेक के बाद खेल में वापसी की और टूर्नामेंट में दूसरे सर्वोच्च स्कोरर रहे। एशिया कप में कोहली ने पांच पारियों में 276 रन बनाए, जिसमें एक शतक और दो अर्द्धशतक शामिल थे। विराट जब रनो के लिए संघर्ष कर रहे थे और उन्हें टीम से बाहर किये जाने का बात चल रही थी, तब भी पोंटिंग उनके समर्थन में थे और अब भी हैं, वह खुश हैं कि कोहली अब रन बना रहे हैं। अपने साथ कोहली के संयुक्त रूप से दूसरे सबसे अधिक अंतरराष्ट्रीय शतक बनाने वाले बल्लेबाज बनने पर पोंटिंग ने कहा, "यह केवल समय की बात थी। इसमें अधिक समय लगा है, पिछले कुछ वर्षों में कोहली रनों के लिए संघर्ष कर रहे थे, जिससे उन्हें 71 शतक तक पहुंचने में थोड़ा अधिक समय लगा, लेकिन मैं जानता था यह होने वाला है।" उन्होंने कहा, "लेकिन देखिए, वह स्पष्ट रूप से सर्वकालिक महान खिलाड़ियों में से एक हैं और उनके करियर में अभी लंबा समय है। उन्हें वापस रन बनाते देखकर अच्छा लगा।" हालांकि बल्लेबाजी की शुरूआत करते हुए आए कोहली के 71वें शतक ने भारत को दुविधा में डाल दिया है। कोहली ने बल्लेबाजी क्रम में नंबर 3 खिलाड़ी के रूप में बल्लेबाजी और निरंतरता बनाए रखी है। लेकिन उनका शतक यह सवाल खड़ा करता है कि क्या उन्हें आईसीसी टी-20 विश्व कप के करीब आते ही टीम इंडिया के लिए ओपन करना चाहिए। कोहली के पास इस सवाल के समर्थन में आंकड़े हैं। उन्होंने नौ टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारत के लिए ओपनिंग की है, और इन नौ मैचों में उन्होंने 57.14 की औसत और 161.29 की शानदार स्ट्राइक रेट से 400 रन बनाए हैं।

आईसीसी ने क्रिकेट के नए नियमों को दी मंजूरी, 1 अक्टूबर से होंगे लागू

दुबई, (हि.स.)। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने खेल के कई नियमों में बदलाव की घोषणा की है। बदले गए नियम 1 अक्टूबर 2022 से लागू होंगे। मुख्य कार्यकारी समिति (सीईसी) द्वारा सौरव गांगुली की अगुवाई वाली पुरुष क्रिकेट समिति की सिफारिशों की पुष्टि के बाद नियमों में बदलाव किये गए हैं। इस अवसर पर सौरव गांगुली ने कहा, ह्आईसीसी क्रिकेट समिति की मेरी पहली बैठक की अध्यक्षता करना एक सम्मान की बात थी। मैं समिति के सदस्यों के योगदान से प्रसन्न था जिसके परिणामस्वरूप महत्वपूर्ण सिफारिशें की गईं। मैं सभी सदस्यों को उनके बहुमूल्य इनपुट और सुझावों के लिए धन्यवाद देता हूं।"

नए नियम इस प्रकार हैं-

कैच आउट होने पर नया बल्लेबाज करेगा बल्लेबाजी - आईसीसी के नए नियमों के अनुसार कैच आउट होने पर नया बल्लेबाज ही बल्लेबाजी करेगा, पुराने नियम के अनुसार कैच के दौरान छोर बदल जाता था तो नॉन स्ट्राइकर बल्लेबाज बल्लेबाजी करता था, जबकि नया बल्लेबाज गेंदबाजी छोर पर होता था।

गेंद को पॉलिश करने के लिए लार के उपयोग पर स्थायी प्रतिबंध - वहीं, गेंद को पॉलिश करने के लिए लार के उपयोग पर स्थायी प्रतिबंध लगा दिया गया है। इससे पहले कोविड के कारण अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में दो साल से अधिक समय से इस प्रतिबंध को अस्थायी रूप से लगाया गया था।

बल्लेबाज को स्ट्राइक के लिए 2 मिनट का समय - बल्लेबाजी के लिए आने वाले बल्लेबाज को अब टेस्ट और एकदिवसीय मैचों में दो मिनट के भीतर स्ट्राइक लेने के लिए तैयार होना होगा, जबकि टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में नब्बे सेकंड की मौजूदा सीमा को बरकरार रखा गया है।

गेंद को खेलने का बल्लेबाज का अधिकार - कोई गेंद अगर पिच से दूर गिरती है, तो नए नियम के तहत भी उसे गेंद पर शॉट खेलने की इजाजत होगी। लेकिन बल्लेबाज के बल्ले या उनके शरीर का हिस्सा पिच के अंदर रहता है। अगर वह इससे आगे आते हैं तो अंपायर इसे डेड बॉल के लिए कॉल करेंगे।

कोई भी गेंद जिस पर बल्लेबाज पिच छोड़कर शॉट खेलने पर मजबूर होगा, इसे नो बॉल दिया जाएगा।

प्लेयर के गलत तरीके से मूवमेंट करने पर सजा का प्रावधान - अगर फील्डिंग कर रहा कोई प्लेयर गलत तरीके से मूवमेंट करता है, तो उसे अभी डेड बॉल करार दिया जाता है और बल्लेबाज के शॉट के कैंसिल कर दिया जाता है. अब इसमें बदलाव क्या जा रहा है. अगर ये मूवमेंट प्लेयर द्वारा जानबूझकर की जाती है, तो बल्लेबाज को पांच रन पेनल्टी के रूप में दिए जाएंगे कुछ अन्य प्रमुख निर्णयः जनवरी 2022 में टी20अंतरराष्ट्रीय में शुरू की गई इन-मैच पेनल्टी, (जिसके तहत एक क्षेत्ररक्षण टीम निर्धारित समाप्ति समय तक अपने ओवरों को फेंकने में अगर विफल रहती है, तो एक अतिरिक्त क्षेत्ररक्षक को शेष ओवरों के लिए क्षेत्ररक्षण सर्कल के अंदर लाया जाता है), अब 2023 में आईसीसी मेन्स क्रिकेट वर्ल्ड कप सुपर लीग के पूरा होने के बाद एकदिनी मैचों में भी अपनाया जाएगा। यह भी निर्णय लिया गया कि सभी पुरुषों और महिलाओं के एकदिवसीय और टी20 मैचों के लिए खेलने की शर्तों में संशोधन किया जाएगा, ताकि दोनों टीमों द्वारा सहमत होने पर हाइब्रिड पिचों का उपयोग किया जा सके। वर्तमान में, हाइब्रिड पिचों का उपयोग केवल महिला टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में ही किया जा सकता है।

आईसीसी क्रिकेट समिति में शामिल सदस्य इस प्रकार हैं: सौरव गांगुली (अध्यक्ष); रमिज राजा (पर्यवेक्षक); महेला जयवर्धने और रोजर हार्पर (पिछले खिलाड़ी); डेनियल विटोरी और वीवीएस लक्ष्मण (वर्तमान खिलाड़ियों के प्रतिनिधि); गैरी स्टीड (सदस्य टीम कोच प्रतिनिधि); जय शाह (पूर्ण सदस्य प्रतिनिधि); जोएल विल्सन (अंपायर प्रतिनिधि); रंजन मदुगले (आईसीसी चीफ रेफरी); जेमी कॉक्स (एमसीसी प्रतिनिधि); काइल कोएट्जर (एसोसिएट प्रतिनिधि); शॉन पोलक (मीडिया प्रतिनिधि); ग्रेग बार्कले और ज्योफ एलार्डिस (पदेन - आईसीसी अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी); क्लाइव हिचकॉक (समिति सचिव); डेविड केंडिक्स (सांख्यिकीविद्)।

स्ट्राइक रेट को सुधारने में लगे हैं राहुल

मोहाली (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के उप-कप्तान लोकेश राहुल अपने स्ट्राइक रेट को लेकर आलोचकों के निशाने पर रहे हैं। अब राहुल टी-20 विश्व कप से पहले पावरप्ले में अपने स्ट्राइक रेट को सुधारने में लगे हुए हैं। राहुल ने कहा, स्ट्राइक रेट ऐसी चीज है, जिसके लिए हर खिलाड़ी काम करता है। कोई भी परफेक्ट नहीं है। हर कोई किसी ना किसी चीज पर काम कर रहा है। मैं इस पर काम कर रहा हूं। निश्चित रूप से पिछले 10 से 12 महीनों में प्रत्येक खिलाड़ी ने अपने लिए लक्ष्य निर्धारित किये हैं। हर किसी के पास स्पष्ट समझ है कि उससे किस चीज की उम्मीद है। मैं बस इसी ओर काम कर रहा हूं कि मैं बतौर सलामी बल्लेबाज अपने को कैसे बेहतर कर सकता हूं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरूआती टी-20 से पहले इस भारतीय उप कप्तान ने कहा, टीम के माहौल ने हमेशा खिलाड़ियों को अपनी गलतियों से सीख लेने को कहा है। वहीं हमने ऐसा माहौल बनाया है जिसमें खिलाड़ी विफल होने से डरते नहीं हैं या गलतियां करने के बाद डर महसूस नहीं करते। अगर गलतियां होती हैं तो हम जानते हैं कि हमें इसे सुधारने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी।

फरवरी में न्यूजीलैंड दौरे पर एंडरसन और ब्रॉड निभा सकते हैं दोहरी भूमिका

नई दिल्ली (ईएमएस)। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड को फरवरी में न्यूजीलैंड के दो टेस्ट मैचों के दौरे पर अब तेज गेंदबाज के साथ ही कोच की भूमिका में भी देखा जा सकता है। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड को खिलाड़ी के साथ ही कोच की भूमिका भी दे सकती है। एंडरसन और ब्रॉड इंग्लैंड के सबसे अनुभवी गेंदबाज होने के साथ ही सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज भी हैं। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार कोच मैक्कुलम लंबी अवधि के अनुभवी गेंदबाजों की विशेषज्ञता का उपयोग निवर्तमान कोच जॉन लुईस को स्थायी रूप से बदलने के लिए करना चाहते हैं। इस रिपोर्ट में कहा गया, मैक्कुलम को टेस्ट के माहौल में सहयोगी स्टाफ को सुव्यवस्थित करने के लिए जाना जाता है। लुईस के काम पर लौटने के बाद एंडरसन और ब्रॉड की जोड़ी को अपने उत्तराधिकारी के तौर पर तैयार कर सकते हैं। इस जोड़ी ने कुल मिलाकर 997 टेस्ट विकेट लिए हैं। ब्रॉड ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हाल ही में समाप्त हुए ओवल टेस्ट में ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज ग्लेन मैक्ग्रा के 563 टेस्ट विकेटों के रिकार्ड को भी पीछे छोड़ दिया है। वह वर्तमान में 566 विकेट पर हैं। वह अब अपने साथी जेम्स एंडरसन को तेज गेंदबाजों के लिए विकेटों के मामले में पीछे छोड़ना चाहते हैं। एंडरसन के नाम 667 विकेट हैं। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि एंडरसन और ब्रॉड को फरवरी में न्यूजीलैंड के दो टेस्ट मैचों के दौरे पर दोहरी भूमिका में देखा जा सकता है, जो फ्यूचर टूर्स प्रोग्राम (एफटीपी) का हिस्सा नहीं है।

रोड सेफ्टी विश्व सीरीज में सचिन का खूबसूरत शॉट सोशल मीडिया पर छाया

इंदौर (ईएमएस)। यहां बारिश के कारण इंडिया लीजेंड्स और न्यूजीलैंड लीजेंड्स के बीच खेला गया मुकाबला नहीं हो पाया हालांकि इस दौरान स्टेडियम में उपस्थित सभी लोगों को महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का खूबसूरत शॉट देखने को मिला। इस शॉट का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इतना ही नहीं, शॉट की टाइमिंग भी इतनी शानदार रहती है कि विरोधी खिलाड़ी के पास गेंद को पकड़ने का अवसर ही नहीं होता। इस वीडियो को साझा करते हुए एक ट्विटर यूजर ने जमकर प्रशंसा करते हुए क्लास शॉट बताया इस मैच में न्यूजीलैंड लीजेंड्स ने भारतीय टीम को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। भारत की ओर से सचिन तेंदुलकर और नमन ओझा ने पारी शुरू की।

फुटबॉल को लोकप्रिय बनाने के लिए सरकार देगी भरपूर सहयोगः कल्याण चौबे

कोलकाता, (हि.स.)। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की कार्यकारी समिति के सदस्यों को सोमवार को सूचित किया गया है कि फीफा अध्यक्ष गियानी इन्फेंटिनो भारतीय फुटबॉल के भविष्य पर चर्चा के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने के लिए भारत आ सकते हैं। यह जानकारी सोमवार को संगठन की कार्यकारी समिति की बैठक के दौरान दी गई, जिसकी अध्यक्षता एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे ने की। बैठक सोमवार को हुई। इसमें उपाध्यक्ष एनए हारिस, महासचिव डॉ शाजी प्रभाकरन, कोषाध्यक्ष किपा अजय और सुनंदो धर ने भाग लिया। बैठक में एआईएफएफ अध्यक्ष ने सरकार और कतर फुटबॉल संघ के साथ अपनी विकास वार्ता के बारे में समिति को सूचित करके कार्यवाही की शरूआत की। उन्होंने कहा, "सरकार फुटबॉल को लोकप्रिय बनाने में मदद करने के लिए बड़े पैमाने पर समर्थन देने जा रही है। हमारी योजना 30 शहरों में अंडर-17 महिला फुटबॉल प्रतियोगिताएं आयोजित करने की है, जहां युवा लड़कियां खेल सकती हैं और खेल के बारे में सीख सकती हैं। हमें उम्मीद है कि इस तरह की पहल आगे और भी की जाएगी।" उन्होंने ने कहा, "हमने कतर फुटबॉल संघ के साथ भी सार्थक बातचीत की है और वे भारत में फुटबॉल के विकास के संबंध में विभिन्न क्षेत्रों में हमारी मदद करने जा रहे हैं।" राष्ट्रीय पुरस्कारों के संबंध में, समिति ने सिफारिश की कि अरुण घोष, शब्बीर अली और आईएम विजयन को पद्म श्री, मनोरंजन भट्टाचार्य को मेजर ध्यानचंद पुरस्कार और जेजे लालपेखलुआ को अर्जुन पुरस्कार के लिए नामांकित किया जाए। कार्यकारी समिति ने वरिष्ठ पुरुष टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमैक के अनुबंध को एएफसी एशियाई कप 2023 के अंत तक बढ़ाने की तकनीकी समिति की सिफारिश का समर्थन किया। समिति ने यह भी सिफारिश की कि कोच का अनुबंध स्वचालित रूप से नवीनीकृत होना चाहिए।

सभी आयु समूहों में भारतीय कोचों का उपयोग करने, भारतीय एरोज परियोजना को बंद करने और इसे एलीट यूथ लीग के साथ बदलने और महिला राष्ट्रीय टीमों के लिए अधिक महिला कोच नियुक्त करने के लिए तकनीकी समिति की सिफारिशों का भी कार्यकारी समिति द्वारा समर्थन किया गया। कार्यकारी समिति ने भारत में स्काउटिंग नेटवर्क का विस्तार करने का भी निर्णय लिया। कोलकाता में राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र के विभिन्न पहलुओं को देखने और राष्ट्रीय टीमों के ज्यादा उपयोग के लिए परियोजना को आगे बढ़ाने के तरीके पर एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए उपाध्यक्ष एनए हारिस की अध्यक्षता में एक तीन सदस्यीय समिति का गठन भी किया गया है। बैठक में कार्यकारी समिति के सदस्य लालनघिंग्लोवा हमार, दीपक शर्मा, मेनला एंथेनपा, जीपी पालगुना, विजय बाली, सैयद हुसैन अली नकवी, नीबौ सेखोसे, अविजीत पॉल, अनिल कुमार पी, वलंका नताशा अलेमाओ, मालोजी राजे छत्रपति, मोहन लाल, सैयद इम्तियाज हुसैन, आरिफ अली, भाईचुंग भूटिया, आईएम विजयन, क्लाइमेक्स लॉरेंस, थोंगम तबाबी देवी, पिंकी बोम्पल मगर भी उपस्थित थे। बैठक में विशेष आमंत्रित के रूप में उपस्थित अन्य लोगों में जीएसएफए सचिव मूलराज सिंह चुडासमा, केएसएफए महासचिव सत्य नारायण, आईएफए अध्यक्ष अजीत बनर्जी और एफएसडीएल के वरिष्ठ अधिकारी मार्टिन बैन और जीएम चिराग तन्ना शामिल थे।

अबू धाबी टी10: आइकन प्लेयर के रूप में शामिल हुए ड्वेन ब्रावो, पोलार्ड, लिन और मिलर

अबू धाबी, (हि.स.)। वेस्टइंडीज के हरफनमौला खिलाड़ी ड्वेन ब्रावो, कीरोन पोलार्ड, क्रिस लिन और डेविड मिलर इस साल के अबू धाबी टी10 लीग में आइकन प्लेयर के रूप में शामिल हैं। ब्रावो को दिल्ली बुल्स ने रिटेन किया है, जबकि मेजबान सिटी फ्रेंचाइजी टीम अबू धाबी ने लिन का चयन किया है। वहीं, बांग्ला टाइगर्स ने शाकिब अल हसन को चुना है, दासुन शनाका चेन्नई ब्रेव्स टीम में हैं, और दो बार के विजेता नॉर्दर्न वॉरियर्स ने वानिंदु हसरंगा को अपनी टीम में शामिल किया है। जहां तक मौजूदा चैंपियन डेक्कन ग्लैडिएटर्स की बात है, तो उन्होंने ट्रॉफी के बचाव के लिए स्टार कप्तान आंद्रे रसेल को अपना आइकॉन प्लेयर रखा है। इस साल दो नई यूएसए फ्रैंचाइजी न्यूयॉर्क स्ट्राइकर्स और मॉरिसविले एसएएमपी आर्मी को भी लीग में शामिल किया गया है न्यूयॉर्क स्ट्राइकर्स ने पोलार्ड को अपना आइकन प्लेयर चुना है, जबकि मॉरिसविले एसएएमपी आर्मी ने मिलर को चुना है। सफेद गेंद क्रिकेट के इतिहास में सबसे विनाशकारी और सफल खिलाड़ियों में से एक, पोलार्ड, न्यूयॉर्क स्ट्राइकर्स में इंग्लैंड के 2019 एकदिवसीय विश्व कप विजेता कप्तान इयोन मॉर्गन के साथ खेलेंगे। वहीं, मॉरिसविले एसएएमपी आर्मी में, गुजरात टाइटन्स के साथ हाल ही में आईपीएल विजेता, मिलर, हमवतन एनरिक नॉर्टजे के साथ शामिल हुए हैं, टीम ने मोइन अली और शिमरोन हेटमेयर के साथ भी करार किया है। टी-10 स्पोर्ट्स मैनेजमेंट के चेयरमैन शाजी उल मुल्क ने कहा, मुझे हमारे अबू धाबी टी10 परिवार में संयुक्त राज्य अमेरिका से मॉरिसविले आर्मी और न्यूयॉर्क स्ट्राइकर्स का स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। लीग के लिए हमारा उद्देश्य अबू धाबी टी10 को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट कैलेंडर पर एक असाधारण आयोजन के रूप में स्थापित करना और हमारे वैश्विक प्रसारण दर्शकों की संख्या को बढ़ाना था जो वर्तमान में 342 मिलियन है। अमेरिका से दो नई टीमों को शामिल करने के साथ, हम टूर्नामेंट की सफलता पर कार्य करना जारी रखेंगे, क्योंकि क्रिकेट का सबसे तेज प्रारूप महाद्वीपों में तेजी से विकसित हो रहा है। उन्होंने कहा, "हमें इस सीजन के लिए आइकन और प्लेटिनम खिलाड़ियों के रूप में अनुभवी क्रिकेटरों की इस स्टार कास्ट को इकट्ठा करने पर गर्व है और टूर्नामेंट के 6 वें संस्करण के लिए प्रशंसकों को स्टेडियम में वापस देखने की उम्मीद है।" अबू धाबी टी10 का छठा सीजन 23 नवंबर से शानदार जायद क्रिकेट स्टेडियम में शुरू होगा, जिसका फाइनल 4 दिसंबर को यूएई के राष्ट्रीय दिवस पर खेला जाएगा।

खुशदिल शाह और आसिफ जैसे खिलाड़ियों के चयन से नाराज है यह पूर्व पाक कप्तान

लाहौर (ईएमएस)। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान मोहम्मद हफीज ने अगले माह ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए टीम चयन पर सवाल उठाये हैं। हफीज ने कहा कि खुशदिल शाह और आसिफ अली को टीम में जगह नहीं मिलनी चाहिये थी। हफीज के अनुसार मध्य क्रम में इन दोनो का ही प्रदर्शन ठीक नहीं रहा है। साथ ही कहा कि ये दोनों ही खिलाड़ी पारी संवारने में विफल रहे हैं। साथ ही कहा कि दोनों ही खिलाड़ी पारी संवारने के इरादे से नहीं खेलते। इसके अलावा इनका खेलने का तरीका भी एक ही जैसा है। हफीज ने खुशदिल के बारे में बात करते हुए कहा, उनका स्ट्राइक रेट 110 का है, और हम उन्हें आक्रामक बल्लेबाज के रूप में देखते हैं, जो सही नहीं है। हमें ऐसे हालात में गहराई तक जाना चाहिए। इसके अलावा उन्होंने मध्यक्रम पर दबाव न झेल पाने की क्षमताओं पर भी सवाल उठाए हैं। हफीज के अनुसा हमें देखना चाहिये कि क्या विश्व कप के लिए चयनित खिलाड़ियों में दबाव सहन करने की क्षमता भी है या नहीं? क्या वो पारी संवार सकते हैं? हफीज के अनुसार मोहम्मद रिजवान और बाबर आज शीर्ष स्तर के सलामी बल्लेबाज हैं पर उन्हें रनों की भूख जगानी होगी। मैंने पहले भी इन बल्लेबाजों की सराहना की है पर इन दोनों बल्लेबाजों को तेज गति से रन बनाने की जरुरत है। उन्होंने कहा कि अगर आप पहला पावरप्ले भी खेल जाते हैं, और शुरूआती 10 ओवरों में 60-65 रन बनाते हैं तो यह ठीक नहीं कहा जा सकेगा। शुरूवाती चरण में ऐसे बल्लेबाजी से मध्य क्रम पर दबाव आता है और बचे हुए बल्लेबाजों को 12 से 14 के औसत से रन बनाने होते हैं जो बेहद कठिन होता है।

DELHI CRIME 21 sep 2022:Layout 1 9/20/2022 7:06 PM Page 7

विधानसभा मानसून सत्र- साढ़े पांच वर्ष में उत्तर प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं में बेहतरीन सुधार हुआः योगी

-विधानसभा में विपक्ष के सवालों पर योगी ने किया पलटवार
-नेता प्रतिपक्ष जैसा बोल रहे थे, ऐसा लगा 'पर उपदेश कुशल बहुतेरे'

लखनऊ, (हि.स.)। उत्तर प्रदेश विधानसभा का मानसून सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को सदन की कार्यवाही सुबह 11 बजे शुरू हुई। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी (सपा) के सदस्यों ने राज्य की बिगड़ी स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर इस पर चर्चा की मांग की और हंगामा शुरू कर दिया। प्रश्नकाल के बाद सपा की इस मांग पर सदन में चर्चा हुई। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर कई सवाल खड़ा किये तो नेता सदन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनके हर सवाल का जवाब भी दिया और सपा पर हमले भी बोले। मुख्यमंत्री के जवाब से असंतुष्ट सपा के सदस्यों ने सदन से बहिर्गमन किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष की बातों से स्पष्ट हो रहा था कि पर उपदेश कुशल बहुतेरे...। उनको (अखिलेश) यह भी नहीं पता था कि वह जो बोल रहे हैं, किसको बोलना चाह रहे हैं। इस प्रदेश में चार बार समाजवादी पार्टी की सरकार रही है। मुझे लगता है कि प्रदेश की 25 करोड़ जनता या फिर देश की

135 करोड़ की आवादी में से कोई भी व्यक्ति राजनीतिक रूप से उनसे उपकृत होगा। कोई सपा को सही नजरीय से नहीं देखता होगा। उन्होंने कहा कि कई सर्वे इस बात की गवाही देते हैं कि विगत साढ़े पांच वर्षों में उत्तर प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं में बेहतरीन सुधार हुआ है। चाहे वह एनिमिया का मामला हो या मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में सुधार। अखिलेश के डबल इंजन की सरकार पर कटाक्ष का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस मौसम में इंसेफलाइटिस की वजह से एक डर व्याप्त रहता था। प्रति वर्ष वहां पर 1200 -1500 से दो हजार मौतें होती थीं। अकेले गोरखपुर में बीआरडी मेडिकल कॉलेज मं पांच से छह सौ मौतें होती थीं। यह डबल इंजन की सरकार का ही परिणाम है कि आज इंसेफलाइटिस से मौतें जीरो स्तर पर पहुंच गई हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह लोग केवल दूसरों को उपदेश देते हैं।

2012 से 2017 तक सपा की सरकार थी। इनकी सरकारों में प्रदेश के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बंदी के कगार पर थे। डॉक्टर्स ही नहीं थे। आज मैं कह सकता हूं कि सरकार के प्रयासों के परिणामस्वरूप एम्बुलेंस के रिस्पॉन्स टाइम में कमी आयी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार एक जिला एक मेडिकल कॉलेज के अभियान के तहत बढ़ रहे हैं। इस योजना के तहत 59 जिलों में मेडिकल कॉलेज बन रहे हैं, या बन चुके हैं। शेष 16 जिलों में मेडिकल कॉलेज के निर्माण के प्रक्रिया चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष पर कटाक्ष करते हुए योगी ने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान नेता प्रतिपक्ष पता नही कहां गायब हो गए थे। कुछ लोग उलटे भ्रम फैला रहे थे। कभी वैक्सीन नहीं लगवाने की बात कर रहे थे तो कभी कुछ और..। चार बार इनकी सरकार रही है। मैं नहीं कहता। पूरी दुनिया कहती है कि सपा के शासनकाल में हर क्षेत्र में केवल अवमूल्यन ही हुआ, नुकसान ही हुआ। इन तथाकथित समाजवादियों ने ही प्रदेश का सबसे ज्यादा नुकसान किया। सपा के नेता को सच बोलने की आदत डाल लेनी चाहिए।

अखिलेश यादव ने स्वास्थ्य के मामलों को लेकर सवाल उठाया - इससे सदन में नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने स्वास्थ्य के मामलों को लेकर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में एम्बुलेंस और ऑक्सीजन नहीं मिल रही है। हमने अपनी सरकार में गरीबों के लिए एम्बुलेंस सेवा शुरू की थी। उन्होंने कहा कि आज स्थिति बदहाल है, दवाइयों का बड़े पैमाने का संकट है। स्ट्रेचर नहीं मिलते, मृतकों परिजन अपने परिजनों के शव कंधे, रिक्शे और मोटरसाइकिल पर ले जाने को मजबूर हैं। पहले कोरोना काल में पीएचसी, सीएचसी और मेडिकल कालेजों ने हाथ खड़े कर दिये। आज डिप्टी सीएम व स्वास्थ्य मंत्री छापामार मंत्री बन गए हैं। क्या इनके छापों से कोई सुधार नहीं हुआ। अगर बजट की कमी है तो स्वीकार क्यों नहीं करते हैं? अगर है तो नेता सदन डिप्टी सीएम को बजट क्यों नहीं देते।

सपा ने सदन का वाक आउट किया - इससे पहले सुबह 11 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होते सपा नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने नियम 311 के तहत स्वास्थ्य की बदहाल व्यवस्था का आरोप लगाकर चर्चा की मांग की। इस पर सरकार की तरफ से संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि स्वास्थ्य व्यवस्था बेहतर है। ऐसी विषम परिस्थित नहीं बनी है जिससे कि नियम 311 के तहत चर्चा कराने की जरूरत है। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने विपक्ष की इस मांग को अग्राह्य कर दिया। इस पर सपा के सदस्य वेल में आ गए और हंगामा करने लगे। अध्यक्ष ने कहा कि हम सदन की कार्यवाही स्थगित नहीं करेंगे। नियम 56 में इस मुद्दे पर चर्चा करा सकते हैं। इससे सहमत होकर सपा के सदस्य अपनी सीट पर आ गए।

कट्टर बेईमान हैं अरविंद केजरीवालः भाजपा

नई दिल्ली, (हि.स.)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने केजरीवाल सरकार पर कथित आबकारी घोटाले को लेकर हमला जारी रखते हुए मंगलवार को कहा कि अरविंद केजरीवाल कट्टर बेईमान हैं। पार्टी ने कहा कि केजरीवाल ने आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी करणजीत सिंह लांबा को सारे नियमों की अनदेखी करके शराब का ठेका दिया। भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि स्टिंग ऑपरेशन से स्पष्ट हो चुका है कि अरविंद केजरीवाल किस तरह से वसूली करते हैं। काला धन किस तरह अर्जित करते हैं और किस तरह जनता को लूटा जाता है। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल जब कोई बयान देते हैं तो उसमें कोई तथ्य और प्रमाण नहीं होते। लेकिन भाजपा जब कोई बात रखती है तो प्रमाण के साथ रखती है। इसलिए केजरीवाल एक

भी प्रश्न का जवाब नहीं देते। भाटिया ने कहा कि अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया ये बताएं कि करीबियों को भ्रष्टाचार की रेवड़ियां क्यों बांट रहे थे? जिसको वे कट्टर ईमानदार का सर्टिफिकेट देते हैं, वो व्यक्ति जेल के सलाखों के पीछे क्यों है? अरविंद केजरीवाल ने आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी करणजीत सिंह लांबा को सारे नियमों की अनदेखी करके शराब का ठेका दे दिया। कोई पारदर्शिता नहीं। इनका केवल एक ही मकसद है बेईमानी। अपने मित्रों को ठेका देना और उनके हिसाब से नीति बनाना और अपनी तिजोरी को भरना ही केजरीवाल का मकसद है। उन्होंने आगे कहा कि जो 144 करोड़ माफ किए गये उसमें करीब 66 करोड़ इसी कंपनी यूनिवर्सल ट्रेडर्स के थे । भाजपा नेता ने कुछ तस्वीरें दिखाते हुए कहा कि खुद को कट्टर ईमानदार बताने वाले कट्टर बेईमान की नजदीकियां यूनिवर्सल कंपनी के पार्टनर करमजीत सिंह लांबा के साथ दिखाई दे रही हैं, जिनको ठेका दिया गया। लांबा सौरभ भारद्वाज के भी बहुत करीबी हैं। भारद्वाज ने भी लांबा के साथ पैसा लगाया है। वहीं, दिल्ली प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने कहा कि अभी जो खुलासा हुआ है उससे स्पष्ट हो चुका है कि वो शराब नीति क्यों बनाई गई? क्योंकि जो कमीशन बढ़ाया गया था उसका आधा प्रतिशत केजरीवाल को मिले। अरविंद केजरीवाल चुनाव में जाते हैं चार्टर प्लेन से और नीचे उतकर बैठ जाते हैं ऑटो में ये सिर्फ नौटंकी है।

संघ के वरिष्ठ स्वयंसेवक केशव जी का निधन, बंगाल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के एक युग का अवसान

कोलकाता, (हि.स.)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के वयोवृद्ध स्वयंसेवक और अपना पूरा जीवन संघ को समर्पित करने वाले वरिष्ठ प्रचारक केशव दत्त-त्रेय का मंगलवार सुबह 10:34 बजे निधन हो गया। 98 वर्षीय केशव जी ने कोलकाता के अपोलो अस्पताल में आखिरी सांसें लीं। उम्रजनित बीमारियों से ग्रसित केशव जी काफी समय से अस्पताल में भर्ती थे। उनके निधन से संघ परिवार और अनुषांगिक संगठनों में शोक की लहर है। अस्पताल से उनका शव केशव भवन स्थित संघ के प्रदेश मुख्यालय लाया गया जहां संघ व अन्य संगठनों से जुड़े लोगों ने उन्हें अंतिम श्रद्धांजलि दी। आज ही उनका अंतिम संस्कार नीमतला श्मशान घाट पर किया जाएगा। एक अगस्त 1925 को महाराष्ट्र के वर्धा जिला अंतर्गत पुलगांव में जन्मे केशव जी ने अपना पूरा जीवन राष्ट्र और समाज को समर्पित कर दिया था। 1939 के दिसंबर महीने में उनका उपनयन संस्कार हुआ था। 1949 में उन्होंने जलगांव के एमजे कॉलेज से मराठी और संस्कृत में स्नातक की डिग्री ली थी। वे बाल्यकाल स्वयंसेवक रहे। सिर्फ छह साल की अल्पायु में उन्होंने संघ की शाखाओं में जाना शुरू कर दिया था। 1931 में शाखा में उनका प्रवेश हुआ था जिसके बाद 1939 में संघ शिक्षा प्रथम वर्ष से दीक्षित हुए थे। उसके बाद 1940 में द्वितीय वर्ष और 1941 में तृतीय वर्ष प्रशिक्षित हुए थे। राष्ट्र निमित्त कार्यों के प्रति उनके समर्पण और तत्परता को देखते हुए 1950 में उन्हें प्रचारक बना दिया गया था। सबसे पहले वे कोलकाता के बड़ा बाजार शाखा में प्रचारक के तौर पर आए थे। उसके बाद पिछले 72 साल से पश्चिम बंगाल में संघ के राष्ट्र निर्माण कार्यों को आगे बढ़ाते रहे। मूल रूप से मराठी होने के बावजूद पश्चिम बंगाल में संघ के कार्यों के प्रचार-प्रसार के लिए वे बंगाल की सभ्यता और संस्कृति में रच9बस गए थे। वह कोलकाता महानगर के प्रचारक के साथ ही प्रांत संपर्क प्रमुख, प्रांत प्रचारक, क्षेत्र बौद्धिक प्रमुख और क्षेत्र प्रचारक जैसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों को निभा चुके थे। उनके निधन से पूरे संघ परिवार में शोक की लहर है।

नमो किसान पंचायत में बोले जेपी नड्डा, प्रधानमंत्री धरती पुत्रों के सबसे बड़े हितैषी

-भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने किया उद्घाटन, ई-बाइकों को दिखाई झंडी

गांधीनगर (गुजरात), (हि.स.)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के किसानों के सबसे बड़े शुभचिंतक हैं। उनकी प्राथमिकता में धरती पुत्र हैं। उन्होंने किसानों को सीधी सहायता प्रदान की है। नड्डा ने यह विचार यहां प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा के तत्वावधान में आयोजित "नमो किसान पंचायत" का उद्घाटन करने के बाद व्यक्त किए। संबोधन के बाद नड्डा ने गुजरात की लगभग 143 विधानसभा सीटों के लगभग 14 हजार 200 गांवों के लिए ई-बाइकों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नमो किसान पंचायत के तहत इन ई-बाइक के माध्यम से गांवों में केंद्र और राज्य सरकार की किसानोन्मुखी योजनाओं और कार्यों की जानकारी दी जाएगी। नड्डा ने कहा कि कृषि विभाग के बजट में छह गुना की वृद्धि की गई है। किसानों को अधिक से अधिक मूल्य दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना की शुरूआत कर 80 करोड़ लोगों को पांच किलो गेहूं, पांच किलो चावल और पांच किलो दाल देकर गरीबों का भला किया है। उन्होंने कहा कि एक सदी पहले जब आपदा आई थी, तब बीमारी से ज्यादा लोग भूख से मरे थे। कोरोना महामारी सदी की सबसे बड़ी त्रासदी थी। प्रधानमंत्री ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत 11 करोड़ से ज्यादा किसानों के खातों में सालाना 6 हजार रुपये भेजने का काम किया है। प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सपने को साकार करने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि नड्डा दो दिन के गुजरात दौरे पर आज पहुंचे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक किसान मोर्चा ने नमो किसान पंचायत करने का फैसला किया है।

सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधन कानून पर लगाई मुहर

नई दिल्ली, (हि.स.)। सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधन कानून पर मुहर लगा दी। जस्टिस हेमंत गुप्ता की अध्यक्षता वाली बेंच ने हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधन कानून की वैधता को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा है कि हरियाणा में गुरुद्वारों के प्रबंधन का अधिकार हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पास ही रहेगा। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने हरियाणा सरकार की तरफ से बनाए कानून को कोर्ट में चुनौती दी थी। याचिका में कहा गया था कि राज्य विधानसभा को गुरुद्वारा प्रबंधन पर कानून बनाने का अधिकार नहीं है। ये अधिकार सिर्फ देश की संसद को है। हरियाणा गुरुद्वारा सिख प्रबंधन कानून न केवल सिख गुरुद्वारा प्रबंधन कानून का उल्लंघन है बल्कि ये राज्य पुनर्गठन कानून और पंजाब पुनर्गठन कानून का भी उल्लंघन है।

कारगिल युद्ध में पाकिस्तान को धूल चटाने वाला भारतीय युद्धपोत 'अजय' सेवामुक्त

नई दिल्ली, (हि.स.)। कारगिल युद्ध में पाकिस्तान को धूल चटाने वाले भारतीय युद्धपोत आईएनएस 'अजय' को 32 साल की शानदार सेवा के बाद सोमवार को सेवामुक्त कर दिया गया। सूर्यास्त के समय जहाज के राष्ट्रीय ध्वज, नौसेना के पताका और डी-कमीशनिंग पेनेंट को उतारा गया था, जो कमीशन की गई सेवा के अंत का प्रतीक था। अपनी सेवा के दौरान इस जहाज ने कारगिल युद्ध के दौरान ऑपरेशन तलवार और 2001 में ऑपरेशन पराक्रम सहित कई नौसैनिक अभियानों में भाग लिया। आईएनएस अजय (पी-34) को 24 जनवरी, 1990 को तत्कालीन यूएसएसआर में पोटी, जॉर्जिया में कमीशन किया गया था। महाराष्ट्र नेवल एरिया के संचालन नियंत्रण के तहत 23वें पेट्रोल वेसल स्क्वाड्रन का हिस्सा था। जहाज ने 32 से अधिक वर्षों से सक्रिय नौसैनिक सेवा में अपनी शानदार यात्रा के दौरान कारगिल युद्ध के दौरान ऑपरेशन तलवार और भारत-पाकिस्तान गतिरोध के दौरान 2001-2002 में ऑपरेशन पराक्रम अपनी क्षमता साबित की थी। इसके अलावा भारतीय नौसेना के कई नौसैनिक अभियानों में भाग लिया। 2017 में उरी हमले के बाद जहाज को समुद्री सीमा की सुरक्षा के लिए तैनात किया गया

था। राष्ट्र को 32 साल की शानदार सेवा देने के बाद 19 सितंबर को सूर्यास्त होते ही इस 'समुद्री योद्धा' को सेवा से मुक्त कर दिया गया।सेवामुक्त करने का पारंपरिक समारोह मुंबई के नेवल डॉकयार्ड में आयोजित किया गया। सूर्यास्त के समय अंतिम बार जहाज के राष्ट्रीय ध्वज, नौसेना के पताका और डी-कमीशनिंग पेनेंट को उतारा गया, जो कमीशन की गई सेवा के अंत का प्रतीक था। कमीशनिंग कमांडिंग ऑफिसर वाइस एडमिरल एजी थपलियाल (सेवानिवृत्त), विशिष्ट अतिथि थे। समारोह की अध्यक्षता पश्चिमी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ वाइस एडमिरल अजेन्द्र बहादुर सिंह ने की। कार्यक्रम में जहाज के कमीशनिंग क्रू, पूर्व कमांडिंग ऑफिसर, वर्तमान क्रू, उनके परिवार और भारतीय नौसेना के वरिष्ठ अधिकारियों सहित बड़ी संख्या में कर्मियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में फ्लैग ऑफिसर, भारतीय सेना, भारतीय वायु सेना और भारतीय तटरक्षक बल के वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे। भारतीय सशस्त्र बलों की तीनों सेवाओं के 400 से अधिक कर्मी भी मौजूद रहे।

हमारे सहयोगी संरक्षक एवम् ब्यूरो प्रमुख

प्रधान सम्पादक – नरेन्द्र कुमार

सहयोगी संरक्षक

अनिल सेठी

नरेश ए बाबू-कार्यकारी निदेशक

संपादन सहयोगी - मोहित शुक्ला

सदस्य एवं रिपोर्टर

•राजकुमार कश्यप (दिल्ली) •दीपक कुमार (पटियाला)
• वीरेन्द्र कुमार ठाकुर •वीरेंद्र सिंह बघेल (फरीदाबाद)
• अनीता सिंह •राम नाथ •मुकेश गुप्ता, मीनाक्षी निगम
•मोहम्मद शमशेर (दिल्ली) • मुकेश जोशी (उत्तराखण्ड)
• अशोक कुमार, काजल शर्मा (गुरूग्राम)
• अवध किशोर त्रिपाठी (अहमदाबाद)
•श्याम लाल (मेरठ) •रामनरेश सिंह (पडरौना, उत्तरप्रदेश)
•नवीन सुरेल, तालबहेट, ललितपुर, (झाँसी)
• ओम शुक्ला, मनीष शुक्ला, शिवम शुक्ला (कानपुर)
• ओमपाल वर्मा, इन्द्रमणी मंडल (रायपुर छत्तीसगढ़)
• फ्रूमू लामों सिलीगुड़ी, रोशन कुमार मिश्रा (पश्चिम बंगाल)
■ पिंटू बनर्जी (पश्चिम बंगाल)

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक हैं।

समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री, लेख, रचनाओं, एवम् विज्ञापनों में लेखकों और विज्ञापन दाताओं के अपने विचार हैं। इसके लिए दिल्ली क्राईम व भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा की किसी भी तरह की जिम्मेदारी नहीं है। किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र दिल्ली ही मान्य होगा।

विशेष :- किसी भी परिस्थिति में निर्णय लेने का अधिकार केवल संपादक को है।

S-529, स्कूल ब्लॉक, शकरपुर, दिल्ली - 110092

संपर्क – 011-35631400
Customer Care No.
8375000672

ADVERTISMENT RATE TARIFF PLAN

FULL PAGE | HALF PAGE | QUARTER PAGE

FULL FRONT PAGE	₹ 1,20,000/-
FULL INNER PAGE	₹ 60,000/-
FULL BACK PAGE	₹ 90,000/-
HALF FRONT PAGE	₹ 66,000/-
HALF PAGE INNER	₹ 36,000/-
HALF PAGE BACK	₹ 51,000/-
QTR. PAGE FRONT	₹ 36,000/-
QTR. PAGE INNER	₹ 21,000/-
QTR. PAGE BACK	₹ 30,000/-

Classifieds Ads. Per Column / 3 CM. Rs.2100/-
Visiting Card Size Advertisements:
Front Page Rs. 6000/- Back Page Rs. 4500/-
Inner Page Rs.3000/-

DELHI CRIME 21 sep 2022:Layout 1 9/20/2022 7:06 PM Page 8

मीरा राजपूत के फैंस के बीच चर्चा का विषय बनी फोटो

-खूबसूरत स्माइल पर फिदा हुए लोग

मुंबई (ईएमएस)। हाल ही में मीरा राजपूत ने अपना एक फोटो शेयर किया, जिसमें वे येलो ड्रेस पहने नजर आ रही हैं। इस फोटो में उनकी खूबसूरत स्माइल नजर आ रही है। फोटो के साथ उन्होंने कैप्शन लिखा, से चीज। यह फोटो शेयर करते ही मीरा फैंस के बीच चर्चा का विषय बन गई। मीरा की इस फोटोज पर उनके फैंस लगातार कमेंट्स कर रहे हैं। कोई उन्हें बेहद खूबसूरत बता रहा है तो कोई उनकी स्माइल पर हार्ट इमोजी भेज रहा है। वहीं, उनके एक फैन ने लिखा है, भाभी जी घर पर हो। मीरा की यह फोटो काफी आकर्षक है और इंटरनेट पर सभी का ध्यान खींच रही है. बता दें कि कुछ दिनों पहले ही मीरा ने अपना 28वां बर्थडे सेलिब्रेट किया था। शाहिद कपूर ने मीरा के लिए बर्थडे पार्टी के साथ ही वह सब कुछ प्लान किया था जो उनको पसंद है। शाहिद की इस अदा पर मीरा एक बार फिर उन्हें अपना दिल दे बैठी थीं। मीरा ने सोशल अकाउंट के जरिए अपनी फीलिंग्स शेयर भी की थीं। मीरा ने शाहिद को थैंक्स कहा था। साथ ही उनके दिन को यादगार बनाने के लिए उन्हें अपना बेस्ट फ्रेंड कहा था।मीरा और शाहिद कपूर 2015 में विवाह बंधन में बंधे थे। दोनों के दो बच्चे हैं। शाहिद कई बार अपने इंटरव्यू में मीरा की तारीफ कर चुके हैं। शाहिद का मानना है कि मीरा बहुत अच्छे तरीके से घर, बच्चों और काम को मैनेज करती हैं।

शाहिद कई बातों का ध्यान मीरा ही रखती हैं। शाहिद और मीरा की गिनती बॉलीवुड के लवेबल कपल्स में होती है। बता दें कि मीरा राजपूत अक्सर सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन जाती हैं। मीरा हालांकि बॉलीवुड गॉसिप से दूर रहना पसंद करती हैं लेकिन वे सोशल मीडिया पर एक्टिव हैं और अपने फोटोज शेयर करती रहती हैं।

कॉफी विद करण का हिस्सा बनने जा रही विद्या बालन?

-विद्या ने अपने लेटेस्ट पोस्ट में एक वीडियो किया शेयर

मुंबई (ईएमएस)। एक्ट्रेस विद्या बालन ने अपने इंस्टाग्राम पर अपना एक लेटेस्ट वीडियो शेयर किया है, जिसे लेकर सोशल मीडिया यूजर्स और अभिनेत्री के फैंस ये अकटकलें लगाने हैं कि वह करण जौहर के टॉक शो कॉफी विद करण सीजन 7 का हिस्सा बनने जा रही हैं. विद्या बालन ने अपने लेटेस्ट पोस्ट में एक वीडियो शेयर किया जिसमें उन्होंने रेड कलर आउटफिट में दिखाई दे रही हैं। वीडियो में वह अलग लहजे में बोलते हुए अपने प्रशंसकों से कहा, यदि आप गपशप करने जा रहे हैं, तो कम से कम निश्चित करें कि आपने बहुत अच्छे कपड़े पहने हैं।आप एक ही समय में सीट और टॉक सीट नहीं कर सकते. अपने पोस्ट में अभिनेत्री ने करण के शो से लेकर भले ही नहीं कुछ लिखा है, लेकिन अटकलें लगाई जा रही हैं कि वह करण के शो में काउच की शोभा बढाने वाली हैं। आपको बता दें कि अगर फैंस की अटकलें सच साबित होती हैं तो विद्या बालन तीसरी बार करण के शो में जाएंगी। इससे पहले वह दो बार करण के शो में आकर काउच की शोभा बढ़ा चुकी हैं। साल 2011 सीजन 3 में, विद्या बालन ने रानी मुखर्जी के साथ चैट शो के काउच की शोभा बढ़ाई थी। फिर साल 2014 सीजन 4 में, फरहान अख्तर के साथ शामिल हुई थी। काम की बात करें तो, आने वाले समय में वह प्रतीक गांधी के साथ एक फिल्म में दिखाई देंगी। हालांकि अभी इस फिल्म के टाइटल का खुलासा नहीं हुआ है। इसके साथ ही वह सोनाक्षी सिन्हा से साथ डबल एक्सेल फिल्म में नजर आने वाली हैं। सागरिका घोष की जीवनी इंदिराः इंडियाज मोस्ट पावरफुल प्राइम मिनिस्टर पर आधारित एक वेब सीरीज में भी विद्या बालन इंदिरा गांधी की भूमिका भी निभाएंगी। बता दें कि विदयाबालन फिल्मों के साथ ही साथ सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं।वह आगे क्या करने वाली हैं और वर्तमान में क्या कर रही हैं इन सभी के बारे में वह अक्सर अपने सोशल पोस्ट के जरिए फैंस को बताती रहती हैं।

फिल्म केदारनाथ के लुक में नजर आ रही सारा अली खान

- सुशांत सिंह राजपूत को कर रहीं मिस!

मुंबई (ईएमएस)। बालीवुड एक्ट्रेस सारा अली खान ने एक इंस्टाग्राम पर एक फोटो शेयर किया जिसमें वे अपनी फिल्म केदारनाथ के लुक में नजर आ रही हैं। उन्होंने वैसा ही आउटफिट कैरी किया है, जैसा उन्होंने फिल्म की शूटिंग के दौरान पहना था। फोटो के साथ उन्होंने लिखा है कई बार रिपीट करना जिंदगी वापस जीने जैसा होता है। सारा अली खान की यह फोटो देखकर लग रहा है कि वे अपने बीते दिनों की यादों में खो गई हैं। इस फोटो में उनकी शूटिंग का एक फोटो दिख रहा है, जिसके साथ उन्होंने उसी आउटफिट में फोटो खिंचवाया है। इस फोटो में वे पर्पल कलर के कुर्ते में नजर आ रही हैं, जिसके साथ उन्होंने येलो कलर पटियाला कैरी किया हुआ है। इस फोटो के कैप्शन में उन्होंने लिखा है, डिसाइडेड टू रिपीट माय केदारनाथ वार्डरॉब, समटाइम रिपीटिंग इज दि क्लोसेस्ट टू रिलिविंग. बता दें कि केदारनाथ सारा अली खान की पहली फिल्म थी। इस फिल्म में वे सुशांत सिंह राजपूत के अपोजिट नजर आई थीं। सारा आज भी सुशांत के साथ शूटिंग के दिनों को मिस करती हैं। कुछ दिनों पहले उन्होंने सुशांत के साथ अपना एक फोटो शेयर किया था। इस फोटो के साथ उन्होंने लिखा था कि पहली बार कैमरा फेस करने से लेकर पहली बार टेलिस्कोप के जरिए चांद और जुपिटर देखने तक बहुत कुछ आपके कारण पहली बार किया था। उन्होंने सुशांत का थैंक्स कहते हुए लिखा था कि इतनी सारी प्यारी यादें देने के लिए शुक्रिया। उन्होंने आगे लिखा था, आज जब आसमान में पूरा चांद है तब मुझे यकीन है कि आप वहां अपने पसंदीदा सितारों के बीच होंगे और पहले से ज्यादा चमक रहे होंगे। बता दें कि सारा अली खान सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। सारा का मस्ती भरा अंदाज सभी को पसंद भी आता है।

भारतीय सिनेमा के आठ दिग्गज कलाकार एक साथ नजर आएंगे 'ऊंचाई' में

मुम्बई (ईएमएस)। राजश्री प्रोडक्शन के बैनर तले निर्मित फिल्म 'ऊंचाई' में भारतीय सिनेमा के आठ दिग्गज कलाकार एक साथ नजर आएंगे। अमिताभ बच्चन, अनुपम खेर, बोमन ईरानी, नीना गुप्ता, सारिका और परिणीति चोपड़ा अभिनीत इस फिल्म में, डैनी डेंगजोम्पा और नफीसा अली सोढ़ी भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। राजश्री प्रोडक्शन की ये 60वीं फिल्म सूरज बड़जात्या के निर्देशन में बनी है। इस फिल्म से निर्देशक सूरज बड़जात्या 7 सालों बाद बड़े पर्दे पर वापसी कर रहे हैं। उनकी पिछली रिलीज फिल्म थी प्रेम रतन धन पायो जिसमें सलमान खान और सोनम कपूर ने काम किया था। फिल्म 'ऊंचाई' का सेकंड लुक(पोस्टर) भी जारी कर दिया गया है। पोस्टर ऐसा जो दोस्ती की गाथा बयां कर रहा है कि चट्टानों की मजबूती से भी कट्टर है, हम तीन यारों की दोस्ती। 'ऊंचाई' के इस नए पोस्टर में अमिताभ बच्चन, अनुपम खेर और बोमन ईरानी एक चुनौतीपूर्ण ट्रैक से ब्रेक लेते हुए हिमालय में नक्काशीदार चट्टान पर बैठे नजर आ रहे हैं। पोस्टर में बैकग्राउंड में माउंट एवरेस्ट अपनी खूबसूरती दर्ज करा रहा है। यहाँ तीनों दोस्तों को घर का खाना खाते हुए देखा जा सकता है, जो इस बात का इशारा करता है कि राजश्री की फिल्में ,दोस्ती, प्यार और पारिवारिक रिश्तों की मजबूती पर आधारित होती हैं, जो फैंस हमेशा राजश्री की फिल्मों से उम्मीद करते हैं। इस फिल्म की टैगलाइन है-'दोस्ती ही उनकी प्रेरणा थी'। यह पोस्टर बफीलीं पृष्ठभूमि में दोस्ती की गर्माहट को साफ तौर पर दिखाता है। राजश्री प्रोडक्शन पिछले 75 सालों से फिल्म निर्माण के क्षेत्र में है और उनके 75वें साल के मौके पर फिल्म 'ऊंचाई' रिलीज हो रही है। कमल कुमार बड़जात्या, स्वर्गीय राजकुमार बड़जात्या और राजश्री के अजित कुमार बड़जात्या द्वारा निर्मित, 'ऊंचाई' राजश्री प्रोडक्शन की 60वीं फिल्म है। राजश्री प्रोडक्शन ने महावीर जैन फिल्म्स के महावीर जैन और बाउंडलेस मीडिया की नताशा मालपानी ओसवाल के साथ फिल्म का निर्माण किया है। यह राजश्री प्रोडक्शन, महावीर जैन फिल्म्स और बाउंडलेस मीडिया की पहली संयुक्त महत्वाकांक्षी फिल्म है। इस फिल्म की ज्यादातर शूटिंग दिल्ली, आगरा, मुम्बई, लखनऊ, नेपाल और कानपुर में हुई है। यह फिल्म 11 नवंबर को देशभर में रिलीज होने वाली है।

तमन्ना भाटिया ने अपनी अपकमिंग फिल्म 'बबली बाउंसर' के अनुभव साझा किए

मुंबई (ईएमएस)। दक्षिण का अदाकारा तमन्ना भाटिया अब बॉलीवुड में अपनी आने वाली फिल्म 'बबली बाउंसर' को लेकर काफी उत्साहित हैं और उन्होंने अपना अनुभव साझा किया और बताया कि उन्होंने इस फिल्म के दौरान बहुत सारी नई चीजें सीखी हैं। 'बबली बाउंसर' एक छोटे से शहर की रहने वाली बबली की कहानी है। मधुर भंडारकर के निर्देशन में बनी इस फिल्म में दिखाया गया है कि कैसे बबली दिल्ली में बाउंसर के रूप में अपना करियर बनाने की कोशिश कर रही है। बबली के रूप में तमन्ना का किरदार बोल्ड और बहादुर है। बुलेट चलाती है, भारी वजन उठाती है और वह सब कुछ कर सकती है जो एक आदमी कर सकता है। अपने किरदार के लिए उसने कैसे तैयारी की, इस बारे में बात करते हुए, अभिनेत्री ने साझा किया, "मैंने बुलेट चलाना सीखा, इससे पहले, मैंने स्कूटी की सवारी की थी। इसलिए, मुझे लगता है कि सबसे कठिन हिस्सा बुलेट की सवारी करना है क्योंकि यह एक बहुत भारी बाइक है, इसलिए मुझे इसके साथ सहज होने में थोड़ा समय लगा। मैंने बीटबॉक्सिंग भी सीखी और इस तरह से कई सारी अलग-अलग चीजें मैंने इसके लिए सीखी।"स्टार स्टूडियोज और जंगली पिक्चर्स द्वारा निर्मित, 'बबली बाउंसर' में तमन्ना भाटिया, सौरभ शुक्ला, अभिषेक बजाज और साहिल वैद के साथ प्रमुख भूमिकाओं में हैं। फिल्म का कॉन्सेप्ट, कहानी और स्क्रीनप्ले अमित जोशी, आराधना देबनाथ और मधुर भंडारकर ने किया है।

टिकटॉक स्टार खाबी लामे हर पोस्ट के वसूलते है 6 करोड़ रुपए

नई दिल्ली (ईएमएस)। सोशल मीडिया क्रिएटिव लोगों के लिए धन कमाने की मशीन बन गया है। अगर आप किसी भी सोशल मीडिया साइट पर हैं तो आपने खामी लामे की वीडियोज को जरूर देखा होगा। भले आप उन्हें नाम से जानते हों लेकिन चेहरा जरूर पहचानते होंगे। 22 साल के खाबी लामे एक टिकटॉक स्टार हैं। हाल ही उन्होंने अपनी ब्रांड एंडोर्समेंट पोस्ट से होने वाली कमाई दुनिया के सामने रखकर सभी को हैरत में डाल दिया। खाबी एक पोस्ट के लिए जितनी रकम लेते हैं उतना तो भारत के कई कि-केटर भी नहीं लेते। खाबी ने बताया है कि उन्हें एंडॉर्समेंट पोस्ट के लिए 7,50,000 डॉलर मिलते हैं। यह भारतीय करेंसी में करीब 6 करोड़ रुपये है। खाबी ने साल 2022 में अब तक 80 करोड़ रुपये कमा लिए हैं। खाबी इसी जून में टिकटॉक पर सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले शख्स बन थे। टिकटॉक पर उनके फॉलोवर्स की संख्या तब 14.95 करोड़ थी। खाबी लामे इंटरनेट पर वायरल उन वीडियोज को उठाते हैं जिनमें कोई टास्क मुश्किल से किया जा रहा होता है। उसके बाद खाबी ये दिखाते हैं कि कैसे ये काम आसानी से किया जा सकता था। यह वीडियोज काफी छोटी और एंगेजिंग होती हैं। इन्हीं वीडियोज ने खाबी को खूब ख्याति दिलाई और उन्हें टिकटॉक पर सबसे ज्यादा फॉलो किया जाने वाला शख्स बना दिया। भारतीय बल्लेजबाज विराट कोहली एक पोस्ट के करीब 5.3 करोड़ रुपये लेते हैं। इसके बाद प्रियंका चोपड़ा 3.2 करोड़ रुपये लेती हैं। शाहरुख खान एक पोस्ट के लिए 80 लाख रुपये से 1 करोड़ रुपये वसूलते हैं। आलिया भट्ट भी एक पोस्ट के लिए 1 करोड़ रुपये ही लेती हैं। खाबी लामे 2001 में सेनेगल से अपने माता-पिता के साथ इटली के तुरिन चले आए थे। खाबी के 3 भाई-बहन हैं। आर्थिक तंगी के कारण उन्होंने पढ़ाई पूरी करने के बाद एक मशीन वर्कर के तौर पर काम करना शुरू किया लेकिन कोविड-19 की वजह से कंपनी बंद हो गई। इसी के बाद खाबी ने टिक-टॉक पर वीडियो बनाना शुरू किया और देखते ही देखते खाबी मशहर हो गए।

फराह खान ने बच्चों के साथ रेस्टोरेंट में तोड़ी प्लेट्स

फराह खान सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं, वो आए दिन कुछ न कुछ फनी पोस्ट करती रहती हैं। अब हाल ही में फराह ने अपने तीनों बच्चों के साथ एक वीडियो शेयर की हैं। वीडियो में फराह और उनके बच्चे जार, आन्या और दीवा एक रेस्टोरेंट में ग्रीक ट्रेडिशन को फॉलो करते हुए प्लेट्स तोड़ते हुए नजर आ रहे हैं। इसके कैप्शन में कोरियोग्राफर ने लिखा, दिल तोड़ने से अच्छा प्लेट्स तोड़ना है। वीडियो पर फैंस तरह-तरह के कमेंट्स कर रहे हैं। एक फैन ने कमेंट किया, 'जब आपके पास बहुत सारा पैसा बर्बाद करने के लिए हो।' दूसरे फैन ने लिखा, 'मैं ग्रीस में रहता हूं लेकिन मैंने किसी को प्लेट्स तोड़ते हुए नहीं देखा।'

सिख दंगों पर केंद्रित 'जोगी' को लेकर नीलू कोहली बोली- यादें ज्वलंत, मेरा परिवार प्रभावित हुआ था

मुंबई (ईएमएस)। फिल्म अभिनेत्री नीलू कोहली सिख विरोधी दंगों पर आधारित दिलजीत दोसांझ अभिनीत फिल्म 'जोगी' में किरदार निभा रही हैं। वह दंगों से जुड़ी कई दर्दनाक यादें याद करती हैं कि उनका परिवार कैसे प्रभावित हुआ। उन्होंने कहा, "मेरे पास 1984 के बारे में बहुत ज्वलंत यादें हैं क्योंकि मेरा परिवार वास्तव में प्रभावित हुआ था।" "मैं उस समय चंडीगढ़ में थी, लेकिन रांची में मेरे माता-पिता दंगा पीड़ित थे और मेरे पिताजी ने दंगों में सब कुछ खो दिया।

उनकी सेवानिवृत्ति के बाद, उनके पास कुछ पैसे थे, जिसके साथ उन्होंने अपने भाई के साथ एक निर्माण व्यवसाय शुरू किया और फिर सब कुछ खो दिया। उसके बाद वह उस से कभी नहीं उभर पाए और उनका देहांत हो गया।" नीलू ने फिल्म में एक सीन भी शेयर किया है जिसमें उनकी असल जिंदगी से कुछ समानताएं हैं। वह यह भी साझा करती हैं कि इस भूमिका के लिए उन्हें ज्यादा तैयारी करने की आवश्यकता नहीं पड़ी क्योंकि वह स्थिति और चरित्र से बहुत अच्छी तरह से संबंधित थी। अपनी ब्लॉकबस्टर 'गुंडे', 'सुल्तान', 'भारत' के लिए जाने जाने वाले निर्देशक अली अब्बास जफर के बारे में बात करते हुए, नीलू कहती हैं, "अली सर अपनी व्यावसायिक फिल्मों के लिए जाने जाते हैं, लेकिन मैं इस विषय पर उनके विचार से दंग रह गयी थी।" कोहली 'छोटी सरदारनी', 'मैडम सर', 'ये झुकी झुकी सी नजर' जैसे टीवी शो का हिस्सा रह चुकी हैं और उन्हें 'मनमर्जियां', 'रन', 'दिल क्या करे' जैसी फिल्मों में भी देखा गया है। और 'जोगी' से ओटीटी पर डेब्यू कर रही हैं।

सूडोकु नवताल- 6199

मध्यम

6	9			7	4		8	
	8	5	6	2			4	9
7						6		3
	3	9	5				1	
1				8				5
	6				2	9	3	
4		7						2
8	2			5	9	1	7	
	1		2	3			5	8

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 6198 का हल

6	5	3	9	1	7	2	8	4
9	1	8	2	6	4	3	7	5
7	4	2	5	3	8	1	9	6
3	7	1	6	9	2	4	5	8
8	6	9	1	4	5	7	2	3
5	2	4	8	7	3	9	6	1
2	9	5	4	8	1	6	3	7
4	3	6	7	5	9	8	1	2
1	8	7	3	2	6	5	4	9

शब्दजाल - 6946

ची	दु	मे	रि	द्रो	णा	चा	र्य	न	प	क	
न	र्यो	शा	प	इं	डो	भी	म	या	ड़	क	
अ	ध	जा	स	र	ग	स	द	ह	प	न	
जी	न	ल	पा	न	दू	स	न	ह	र्जु	ल	
त	या	अ	सौ	न	जा	ला	न्यु	अ	प	दे	
आ	यु	इ	मो	व	प	म	क	ह	यु	बां	
ग	धि	ल	ह	च	भि	रि	पा	व	प	ग	
र	ष्ठ	भा	त्क	अ	प	स	रा	ब्रा	वि	ला	
क	र	टो	तें	व	न	क	र्ण	शा	जू	दे	
र	घ	ल	प	व	सिं	ल	ऱ	अ	प	श	
बां	स	ल	भी	ष्म	पि	ता	मा	ह	क	र	

शब्द जाल में 10 योद्धाओं के नाम हैं, जिन्होंने महाभारत युद्ध लड़ा था. नाम उपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.

युधिष्ठर, घटोत्कच, अभिमन्यु, अर्जुन,भीम, दुर्योधन, भीष्म पितामाह, द्रोणाचार्य, कर्ण, दुशासन.

शब्दजाल - 6945 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore

अष्टयोग-5899

	7	3		5	6	2
6	37		32		26	
5	2		4	1		3
	32	4	32		32	
3	6			7		5
7	33	2	29	6	40	7
		5	1		4	

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 5898 का हल

3	2	7	6	4	5	1
4	28	2	38	2	31	7
1	5	4	6	7	2	3
6	28	3	36	5	38	6
5	3	1	4	6	7	2
7	34	5	29	3	35	5
2	5	6	3	1	7	4

Jagrutidaur.com, Bangalore

स्वामी एवं संपादक इंद्रा द्वारा S-529, स्कूल ब्लॉक, शकरपुर, दिल्ली - 110092 से जारी
Customer Care No:- 8375000672, For News & Advertisement- 8375000984, Email-info@delhicrimepress.in, Website- www.Delhicrimepress.in